दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 29 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 350 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# 8 साल पहले आज ही के दिन सर्जिकल स्ट्राइक हुई, कांग्रेस सबूत मांगती है : प्रधानमंत्री मोदी



**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम फेज के लिए शनिवार, 28 सितंबर को जम्मू में रैली की। उन्होंने एमए स्टेडियम में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2016 में आज ही की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। भारत ने दुनिया को बताया था कि ये नया भारत है। ये घर में घुसकर मारता है।'

पीएम ने कहा, 'वो दौर याद कीजिए, जब सीमा पार से आए दिन गोले बरसते थे। उधर से गोलियां चलती थीं और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब भाजपा सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए।

अब आतंक के आकाओं को पता है अगर कुछ भी हिमाकत की तो मोदी पाताल से भी उन्हें खोज निकालेगा। कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है।'

सितंबर में पीएम मोदी की जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी और आखिरी चुनावी सभा थी। 1 अक्टूबर को तीसरे और अंतिम चरण में बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला, उधमपुर, जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों की 40 सीटों पर मतदान होगा। 8 अक्टूबर को तीन फेज में 90 सीटों पर हुए मतदान के नतीजे आएंगे।

**मोदी बोले- कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी संविधान के सबसे बड़े दुश्मनः** मोदी ने कहा, 'आज कांग्रेस पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं, तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। वो उन्हें अपना वोट बैंक मानती है। उनका स्वागत करती दिखती है, जबकि अपने ही लोगों के दर्द का मजाक उड़ाती है।

पीएम ने कहा, 'कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी संविधान के सबसे बड़े दुश्मन हैं। इन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के संविधान की आत्मा का गला घोंटा है। कई-कई पीढ़ियों से रह रहे अनेक परिवारों को वोट देने तक का हक नहीं था। भाजपा ने लोगों को वोट का अधिकार दिया।

**पीएम मोदी के भाषण की अन्य 4 बड़ी बातें...**

1. 8 अक्टूबर को मां के नवरात्रि के दिन नतीजे आएंगे। हम सब माता वैष्णो देवी के साये में पले-बढ़े हैं। 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरूआत वाली होगी। जम्मू हो, सांबा हो, कठुआ हो, चारो तरफ एक ही नारा गूंज रहा है, जम्मू की यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार।

2. जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, पीडीपी और एनसी के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो। यहां की जनता आतंकवाद, अलगाववाद, खून-खराबा नहीं चाहती। यहां के लोग अमन, शांति चाहते हैं। यहां के लोग अपने बच्चों का बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर के लोग भाजपा सरकार चाहते हैं।

3. पिछले दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। ये मंदिरों की नगरी है, इस मौके को छोड़ना नहीं है। जम्मू के साथ दशकों से जो भी भेदभाव हुआ है, उसको भाजपा सरकार ही दूर करेगी।

4. कांग्रेस देश के लिए मर मिटने वालों का कभी सम्मान नहीं कर सकती है। कांग्रेस ने 4 दशक तक फौजी परिवारों को वन रैंक वन पेंशन के लिए तरसाया। कांग्रेस ने हमारे फौजियों से झूठ बोला। ये कहते थे कि वन रैंक वन पेंशन से खजाने पर बोझ पड़ेगा। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने वन रैंक वन पेंशन लागू की।

# श्रम मंत्री अनिल राजभर आज गाजियाबाद में कई योजनाओं के पात्रों को देंगे लाभ

## द यूफोरिया बैंक्विट हॉल पटेल नगर में होगा कार्यक्रम



### गाजियाबाद में कई जगह होगा अनिल राजभर का स्वागत

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के समन्वय विभाग के मंत्री श्रम एवं सेवा योजना अनिल राजभर रविवार को गाजियाबाद में रहेंगे। उनका कई जगह स्वागत होगा और वह पार्टी व संगठन के पदाधिकारी से भी मुलाकात करेंगे। यहां वह कई योजनाओं के संबंध में लाभार्थियों एवं सरकारी अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। कहा जा रहा है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी वह पार्टी के जनप्रतिनिधियों से वातार्लाप कर चुनावी रणनीति तय करेंगे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर गाजियाबाद के दौरे पर रहेंगे।

वह यहां छात्रों को पुरस्कार एवं भवन निर्माण में संगठित कर्मकारों को विभिन्न योजनाओं के जागरूकता संबंधी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन, बाल श्रमिक विद्या योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना ट्रेडर्स और अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

मंत्री अनिल राजभर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री शनिवार को दिल्ली आ गए हैं, वह रविवार को सुबह 10 बजे पटेल नगर तृतीय स्थित द यूफोरिया बैंक्विट हॉल में कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के निवेदक के रूप में इन्द्र विक्रम सिंह जिलाधिकारी, गाजियाबाद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, उप श्रमा आयुक्त अनुराग मिश्रा और सहायक श्रमायुक्त वीरेंद्र कुमार आए अतिथियों का स्वागत करेंगे।

# क्या थी ऐसी वजह जो एक साथ मिली तीन चौकी प्रभारियों को सजा दो को भेजा गया दूसरे जोन, एक को किया गया लाइन हाजिर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिटी जोन के अंतर्गत तीन चौकी प्रभारी पर एक साथ कार्रवाई वाला हंटर चला है। घंटाघर कोतवाली थानाक्षेत्र के कैलाभट्टा चौकी प्रभारी को शिकायत मिलने के बाद लाइन हाजिर किया गया है। तो वहीं सिविल लाइन चौकी प्रभारी और आरडीसी नाका प्रभारी को देहात वाले जोन भेजा गया है।

इन आदेशों की कार्रवाई बेहद गोपनीय और गुपचुप तरीके से की गई है। पुलिस महकमें चर्चा है कि दो चौकी प्रभारी जो अच्छी चौकी पर जमे हुए थे, उन्हें देहात वाले जोन क्यों भेजा गया है। उधर विभाग वाले बता रहे हैं कि कोई कह रहा है कि दोनों का इस विधानसभा में और जोन में समय पूरा हो गया था, तो विभाग के लोग कुछ अन्य बातें भी बता रहे हैं।

### बना हुआ है सस्पेंस क्यों बदले गए दो फेस



करंट क्राइम : सिटी जोन की दो खास चौकी पर ऐसे चौकी प्रभारी तैनात थे ,जो पूर्व डीसीपी सिटी जोन के पीआरओ रहे हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इनको लेकर सिटी वाले साहब के कार्यालय में कई तरीके की चर्चाएं सुनने में आई थीं। बताया जा रहा है उसी का नतीजा है कि दोनों के जोन बदले गए हैं। उधर जो अधिकारी अगर इन दोनों टू-स्टार के जोन बदलाव के पीछे की वजह समय बता रहे हैं, तो सिटी में एक ऐसे कोतवाल भी हैं, जो पूर्व वाले विधानसभा चुनाव में उसी विधानसभा सीट पर ताल ठोक रहे हैं।

### क्या जल्द फिर बदलेंगे कई चौकी प्रभारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके की वर्तमान में सिटी जोन में स्थिति चल रही है। उसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ चौकी प्रभारी के फेस और प्लेस फिर बदले जा सकते हैं। देखना है कि उनकी लिस्ट जारी की जाएगी या मामला गुपचुप हो जाएगा।

# शहर विधानसभा उपचुनाव में बसपा के घोषित उम्मीदवार की हालत हो गई विकट सबसे पहले घोषित हुआ और फिर सबसे पहले कट गया रवि गौतम का टिकट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा में टिकट कटना और टिकट घोषित होना कोई नई बात नहीं है। लेकिन शहर विधानसभा उपचुनाव में बसपा ने सबसे पहले अपना उम्मीदवार घोषित किया और उम्मीदवार की उम्मीदें केवल




28 दिन तक ही कायम रहीं और शनिवार को बसपा के घोषित उम्मीदवार रवि गौतम का टिकट कट गया। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि रवि गौतम पर मुकदमें दर्ज हैं और उन्होंने ये बात बसपा हाईकमान से छुपाई थी। जब इस बात का पता चला तो पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने शनिवार को दिल्ली में बुलाई गई बैठक में ऐलान किया। वहीं टिकट कटने के बाद रवि गौतम ने एक वीडियो जारी कर बसपा के पदाधिकारियों पर आरोप लगाये। बहरहाल शहर विधानसभा के उपचुनाव में सबसे पहले टिकट घोषित करने वाली बसपा ने सबसे पहले टिकट काटने का भी रिकार्ड बनाया। गौरतलब है कि 1 सितंबर को बसपा ने रवि गौतम को शहर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार घोषित किया था। 28 सितंबर को उनका टिकट कट गया।

### मैंने दिया पार्टी फंड और मुझसे मांगे गये थे पैसे: रवि गौतम



करंट क्राइम। टिकट कटने की घोषणा के बाद बसपा उम्मीदवार रवि गौतम ने मोर्चा खोला। उन्होंने वीडियो जारी किया और कहा कि मुझसे खुद समाज के लोगों ने कहा था कि पार्टी की स्थिति खराब हो गई है, आप चुनाव लड़ लो। मुझे पार्टी सुप्रीमों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और मैंने पार्टी फंड में सम्मानजनक योगदान दिया था। उन्होंने पार्टी के नेताओं मुनकाद अली, शमसुद्दीन राईन, राजकुमार, कुलदीप ओके और रवि जाटव मोरटा पर पैसे मांगने का आरोप लगाया। कहा कि मेरे खिलाफ कान भरे गये हैं और यह कहा गया कि इसके पास चुनाव लड़ने के लिए पैसा नहीं है।

### मुकदमें दर्ज होने की सूचना छुपाई थी और इसी वजह से कटा टिकट : रवि जाटव



करंट क्राइम। मेरठ मंडल कोर्डिनेटर रवि जाटव ने कहा कि जिस व्यक्ति को उम्मीदवार घोषित किया गया था उन पर आठ से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। यह सूचना उन्होंने नहीं बताई थी। शनिवार को पार्टी सुप्रीमों ने दिल्ली में बैठक बुलाई और वहीं पर चुनाव आयोग की गाईड लाईन के साथ पार्टी सुप्रीमों ने यही पूछा कि अगर मुकदमें दर्ज हैं तो इसकी सूचना देनी चाहिए थी। रवि जाटव ने कहा कि बसपा अपराधियों को टिकट नहीं देती है। रूपये मांगने के आरोप को निराधार बताते हुए रवि जाटव ने कहा कि दरअसल टिकट कटने के बाद अब कोई अपनी भड़ास कैसे भी निकाल सकता है। नए उम्मीदवार की घोषणा को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही पार्टी सुप्रीमों यहां उम्मीदवार की घोषणा करेंगी।

### रवि गौतम के आरोप झूठे और जल्द घोषित करेगी बसपा उम्मीदवार : कुलदीप ओके



करंट क्राइम। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और मेरठ मंडल चीफ कोर्डिनेटर कुलदीप कुमार ओके ने बताया कि बसपा ने जिस रवि गौतम को उम्मीदवार घोषित किया था। उन पर मुकदमें दर्ज हैं और यह बात उन्होंने नहीं बताई थी। यह बात जब राष्ट्रीय अध्यक्ष की जानकारी में आई तो उन्होंने दिल्ली बैठक बुलाकर नाराजगी जताई। रवि गौतम के पैसा लेने संबंधी आरोप झूठे हैं। टिकट कटने की बौखलाहट में अब वह तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। बसपा जल्द ही यहां अपना उम्मीदवार घोषित करेगी।

# गाजेबाजे के साथ निकली कवि नगर रामलीला की शोभायात्रा मशहूर बैंड की धुनों और शहनाई के साथ नजर आई झांकियां



### रविवार से शुरू होगी विधिवत मेला व रामलीला






### अध्यक्ष ललित जायसवाल ने किया झांकी और कलाकारों का स्वागत

करंट क्राइम : समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने भव्य शोभा यात्रा के दौरान झांकियों व कलाकारों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रुप से महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा के अतिरिक्त पुनीत बेरी, मुकेश सिंघल, अजय गुप्ता, तरूण चौटानी, अजय अग्रवाल, गुलशन बजाज, गौरव चोपड़ा, अजय जैन, आनन्द गर्ग, डीपी कौशिक, सुशांत चोपड़ा, ऋषि माकड़, विवेक मित्तल, अवनीश गर्ग, वीके शर्मा, सुनीत बेरी, दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल, सुरेश महाजन, एवं नवेन्दु सक्सेना उपस्थित रहे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर रामलीला की शोभा यात्रा और राम बारात शनिवार को कवि नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। रामलीला की शोभायात्रा सामुदायिक केंद्र बी-ब्लॉक कवि नगर से शुरू होकर सी-ब्लॉक मंदिर, जीडीए फ्लैट, सी-ब्लॉक मार्केट, एम-ब्लॉक होते हुए जे, आई, जी-ब्लॉक से मिलन बैंक्वेट से एफ- ब्लॉक होते हुए कवि नगर रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह भगवान श्रीराम की बारात और शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में पांच दर्जन से अधिक झांकियां व उत्तर भारत के प्रमुख बैंड, शहनाई, ढोल, ताशे, जगमगाती लाइटों से इस यात्रा को भव्य बनाया गया। जिसमें भारत के मशहूर मास्टर बैंड, बलदेव बैंड, शिव मोहन बैंड, डीलक्स बैंड, सोहन बैंड ने अलग-अलग धुन और गीत बजाकर नगरवासियों को भगवान राम की बारात में झूमने पर मजबूर कर दिया।

### शिव बारात में नाचे भक्त, रामलला अयोध्या का दिखा नजारा



करंट क्राइम : शोभा यात्रा के दौरान राया की शहनाई मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शिव बारात की झांकी में सभी को नाचने पर विवश कर दिया। वहीं शोभायात्रा में राम केवट की झांकी ने भक्ति का एहसास कराया, तो रामलला अयोध्या के दरबार को भी फूलों से सजाया गया था। इसके अतिरिक्त पंचमुखी हनुमान झांकी, मां शेरावाली की अनोखी छवि और बेटियों पर अत्याचार, द्रोपदी का चीर हरण, वैष्णो देवी आतंकी हमले की झांकी ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। इस दौरान महापुरुषों और भगवान राम का डोला भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।



# खरगे ने बेरोजगारी के मुद्दे पर पीएम मोदी को घेरा

## सिद्धारमैया मामले में भाजपा ने राहुल से पूछा सवाल





**नईदिल्ली।** मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को रोजगार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जबरदस्त हमला बोला है। खरगे ने कहा कि देश में बेरोजगारी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है। मोदी जी, याद रखिएङ्घभारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने छीनने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

**'युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी जी का सबसे बड़ा योगदान' :** उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद यह सरकारी आंकड़ा युवाओं की लाचारी को छुपा नहीं पा रहा है। खरगे ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि, बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी जी का सबसे बड़ा योगदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे लिखा कि, नरेंद्र मोदी जी को बताना चाहिए - क्या 2023-24 में युवा बेरोजगारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं है? रंगबिरंगे नारे देने और फोटोबाजी करने के बजाय मोदी जी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया? क्या ये सच नहीं है कि जिन महिलाओं के पास रेग्युलर सैलरी वाली नौकरी है उनकी संख्या अब 7 वर्षों में सबसे कम हो गई है? मात्र 15.9% पर? क्या गाँव-देहात में बिना मेहनताने के मजदूरी करने वाली महिलाओं की संख्या 51.9% (2017-18) से बढ़कर अब 67.4% (2023-24) नहीं हुई है, जो ग्रामीण बेरोजगारी को दर्शाता है?

खरगे ने कहा कि, विनिर्माण क्षेत्र पर रोजाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले 7 वर्षों में रोजगार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है? ये आँकड़ा 15.85% (2017-18) से लुढ़कर मात्र 11.4% (2023-24) कैसे रह गया? मोदी जी, याद रखिएङ्घ, भारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

राहुल गांधी ने बीजेपी ने पूछा- क्या वह भ्रष्टाचार के आरोपी मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं? वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मामले को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला है।

भाजपा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित कई आपराधिक आरोपों में मामला दर्ज होने से कांग्रेस की पोल खुल गई है। भाजपा ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश के बाद दर्ज की गई और इसमें केंद्रीय एजेंसियों की कोई भूमिका नहीं है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने का कहा कि यह एक दुर्लभ मामला है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया है और इससे कांग्रेस का ₹भ्रष्ट चेहरा₹ उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया इस मामले में आरोपी नंबर एक हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि क्या वह भ्रष्टाचार के आरोपी मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं।

# एयर इंडिया ने शुरू कराई जांच

## दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही फ्लाइट में यात्री के खाने में निकला कॉकरोच





**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री को परोसे गए खाने में कॉकरोच निकला। यात्री ने इसकी शिकायत एयरलाइन के अधिकारियों से की। इसके बाद एयर इंडिया ने खाद्य सेवा प्रदाता कंपनी के साथ जांच शुरू कर दी है।

यात्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही फ्लाइट में मुझे ऑमलेट परोसा गया। इसमें कॉकरोच निकला। मैनें और मेरे दो साल के बेटे ने आधा ऑमलेट खा लिया, तब यह नजर आया। इसे खाने से हमें फूड प्वाइजनिंग हो गई है। उन्होंने परोसे गए खाने के वीडियो और फोटो भी एयरलाइन अधिकारियों के साथ साझा किए। पोस्ट में यात्री ने एयर इंडिया, उड्यन नियामक डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू को भी टैग किया गया।

एयर इंडिया ने कहा कि नई दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही फ्लाइट अक101 में सामने आई घटना से हम चिंतित हैं। ऐसे मामलों के निपटारे के लिए हमने खाद्य सेवा प्रदाता से बात की है। हम भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। एयर इंडिया की ओर से कहा गया कि हम यात्री के अनुभव के बारे में चिंतित हैं। वैसे एयर इंडिया प्रतिष्ठित कैटरर्स के साथ काम करता है, जो वैश्विक स्तर पर अग्रणी एयरलाइनों को आपूर्ति करते हैं। हम मेहमानों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कई जांच करते हैं।

# सीआईएसएफ के पेंशनभोगियों के लिए राहत की खबर

## केपीकेबी में छूट पर करेंगे शॉपिंग, ऐसे बनेगा कैंटीन कार्ड



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल' (सीआईएसएफ) ने अपने पेंशनभोगियों को बड़ी राहत प्रदान की है। इन्हें भी केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) यानी कैंटीन से सस्ती दरों पर सामान मिल सके, इसके लिए सभी पेंशनभोगियों का कैंटीन कार्ड बनाया जाएगा। यह कार्ड बनवाने के लिए उन्हें बल मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे अपने गृह आवास के नजदीक स्थित किसी भी सीआईएसएफ इकाई की कैंटीन से कार्ड बनवा सकते हैं।

सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा 24 सितंबर को यह आदेश जारी किया गया है।

दिल्ली एनसीआर में मेट्रो स्टेशनों पर तैनात रहे सीआईएसएफ के सभी पेंशनभोगियों को उक्त सुविधा मिलेगी। आदेशों के मुताबिक, पेंशनभोगियों को सस्ती दरों पर सामान मिल सके, इसके लिए त्वरित गति से उनके कैंटीन कार्ड बनवाए जाएंगे। महानिरीक्षक एनसीआर खंड मुख्यालय ने इसके लिए एक अभियान चलाने की जरुरत पर बल दिया है। कैंटीन कार्ड के बारे में पेंशनभोगियों को सूचित किया जा रहा है।

सीआईएसएफ इकाई डीएमआरसी दिल्ली में सभी पेंशनभोगियों के कार्ड बनाए जाएंगे। इस कार्ड के लिए पेंशनभोगियों को सीआईएसएफ का पहचान पत्र, पीपीओ, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ साथ लाने होंगे। खास बात ये है ।

कि इसके लिए उन्हें बल मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। सभी पेंशनभोगी अपने गृह आवास के निकट किसी भी सीआईएसएफ इकाई के केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से अपना कार्ड बनवा सकते हैं। एक अप्रैल 2024 से सीआईएसएफ मुख्यालय द्वारा केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार में मिलने वाले सामानों पर जीएसटी में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

### 'न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों पर ध्यान देने की जरूरत

**नई दिल्ली ।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि पुलिस थानों से लेकर अदालतों तक पूरी न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझने और




उसके समाधान पर ध्यान देना चाहिए। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि दिव्यांग लोगों की चुनौतियां शारीरिक से भी ज्यादा हैं। उन्हें शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों और गलत धारणाओं से भी जूझना होता है। 'न्याय व्यवस्था दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझे' मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि 'हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए।

# मुंबई में आतंकी हमले का खतरा अलर्ट पर सुरक्षाबल

## धार्मिक स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**मुंबई ।** देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में आतंकी हमले का खतरा है। दरअसल मुंबई पर आतंकी हमले की खुफिया सूचना मिली है, जिसके बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल अलर्ट पर है और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खास तौर पर नजर रखी जा रही है। शहर के धार्मिक स्थानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है और कोई भी संदिग्ध वस्तु दिखते ही पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है।

### रेलवे स्टेशन, मॉल आदि में विशेष चौकसी

आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए मुंबई के भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे क्रॉफर्ड मार्केट आदि में पुलिस ने मॉक ड्रिल भी की।

त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस अतिरिक्त सुरक्षा बरत रही है। देश की वित्तीय राजधानी होने के नाते मुंबई शहर आतंकियों के निशाने पर रहता है। ये भी वजह है कि आतंकी हमले की खुफिया सूचना को सुरक्षा एजेंसियां पूरी गंभीरता से ले रही हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है। आतंकवाद निरोधक बल को भी सक्रिय कर दिया गया है।

# साइबर क्राइम के शिकार बच्चों को लेकर अन्नपूर्णा देवी ने जताई चिंता, बाल संरक्षण पर दिया जोर



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के शिकार हो रहे कम उम्र के युवाओं को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि, नाबालिग लगातार साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में केंद्रीय मंत्री ने बाल संरक्षण, विशेषकर देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों (सीएनसीपी) और कानून से संघर्षरत बच्चों (सीआईसीएल) के प्रति सरकार की बढ़ती प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

### साइबर बुलिंग के शिकार हो रहे है नाबालिग

उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण बजट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। बाल संरक्षण के लिए बजट आवंटन 2009-10 में लगभग 60 करोड़ रुपये था। उसे 2024-25 में बढ़ाकर लगभग 1,500 करोड़ रुपये कर दिया गया है। दिव्यांग बच्चों के सामने आ रही समस्याओं पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि ये बच्चे अक्सर सामाजिक अपराध करने वालों के लिए आसान निशाना बन जाते हैं। उन्होंने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों में नाबालिगों की संलिप्तता जैसे मुद्दों के समाधान पर बल दिया।

उन्होंने कहा, बच्चे, विशेषकर विकलांग बच्चे, सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं। समाज और सरकार के रूप में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, बहुत से बच्चे इस बात से अनजान हैं कि वे घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और बदमाशी जैसे अपराधों के शिकार हैं। उनकी सुरक्षा पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम 2015 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम को मजबूत करने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि, हमने मानव तस्करी की रोकथाम पर भी काम किया है।

जब कानूनों का उल्लंघन होता है, तो न्यायपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने न्यायपालिका से बच्चों से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील बने रहने का आग्रह किया।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशों की प्रशंसा की और न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और जनता का विश्वास बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सीजेआई भी हुए शामिल वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने हिस्सा लिया।

# भाजपा की बढ़ेंगी मुश्किलें? हर्षवर्द्धन ने चुनाव लड़ने पर तोड़ी चुप्पी, बोले- पितृ पक्ष के बाद



**बारामती ।** महाराष्ट्र में भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि भाजपा नेता हर्षवर्द्धन पाटिल ने विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि वह पितृ पक्ष समाप्त होने के बाद पुणे की इंदापुर सीट से चुनाव लड़ने का फैसला लेंगे। दरअसल, इंदापुर सीट से अभी एनसीपी अजित पवार के नेता दत्तात्रेय भरणे विधायक हैं और महाराष्ट्र में एनसीपी का शिवसेना और भाजपा से गठबंधन है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि हर्षवर्द्धन एनसीपी शरद में शामिल हो सकते हैं।

हर्षवर्द्धन पाटिल ने 1995, 1999, 2004 और 2009 के चुनावों में इंदापुर से निर्दलीय के साथ-साथ कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। इसके बाद 2014 और 2019 में यह सीट एनसीपी के दत्तात्रेय भरणे ने जीती। पाटिल को 2019 के विधानसभा चुनाव में भरणे ने 3110 वोटों से हराया था। भरणे अब एनसीपी के अजित पवार गुट के साथ हैं, जो भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है।

अब तक सत्तारूढ़ गठबंधन में सीट बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन इंदापुर सीट अजीत पवार गुट के पास जाती है, तो हर्षवर्द्धन को टिकट मिलना मुश्किल नजर आता है।

चुनाव लड़ने को लेकर शनिवार को पाटिल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मैं निर्वाचन क्षेत्र में जनता दरबार आयोजित कर रहा हूं। कई लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि मैं इंदापुर से आगामी विधानसभा चुनाव लडूं। चूंकि मैं लोगों की राय पर विचार करता हूं।

लोकतंत्र में लोग सर्वोच्च हैं, मुझे निर्णय लेने की जरूरत है। इसलिए पितृ पक्ष समाप्त होने के बाद मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की मांग पर निर्णय लूंगा।

# ग्राम पंचायतों के विकास के लिए तैयार की जाएगी योजना

## दो अक्तूबर को होंगी विशेष ग्राम सभाएं



**नई दिल्ली ।** दो अक्तूबर को ग्राम पंचायतों के विकास के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएगीं। पंचायती राज मंत्रालय के मुताबिक इसके लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन सभाओं में देशभर में 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें शामिल होंगी।

मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत यह कार्यक्रम होगा। इसका उद्देश्य देश की सभी पंचायतों में भागीदारी योजना को बढ़ावा देना और पंचायत विकास योजनाओं (पीडीपी) को समय पर तैयार करना है। इन सभाओं में 20,000 कॉलेज छात्र शामिल होंगे जो विभिन्न ग्राम पंचायतों में योजनाओं की देखरेख और तैयारी में सहायता करेंगे।

अधिकारियों और सलाहकारों को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में चयनित ग्राम पंचायतों में नियुक्त किया जा रहा है। जो इन सभाओं की निगरानी करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक दो अक्तूबर के कार्यक्रम से पहले 30 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों, राज्य के विभागों, प्रशिक्षण संस्थानों के सदस्य और पंचायतों के विभिन्न स्तरों से निर्वाचित प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे।

अफसरों ने बताया कि आईआईटी दिल्ली सबकी योजना सबका विकास अभियान में 20,000 से अधिक छात्रों को शामिल करेगा। छात्र दो अक्तूबर को ग्राम सभा में भाग लेंगे और विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास योजना की देखरेख और तैयारी में भी सहायता करेंगे। इसका उद्देश्य युवा दिमागों को जमीनी स्तर की योजना में शामिल करना है।

प्रोजेक्ट फॉर क्रिएटिंग मॉडल ग्राम पंचायत क्लस्टर्स के तहत काम करने वाले युवा फेलो के साथ-साथ पीरामल फाउंडेशन, एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव एंड ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के फेलो भी ग्राम सभा को सुविधा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सरपंचों (ग्राम प्रधान) को विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) और उनके विषयों के स्थानीयकरण पर पूर्व-योजना और पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) के लिए ग्राम सभा सदस्यों को जागरूक करने और उचित हस्तक्षेप की पहचान करने में सहायता प्रदान की जाएगी।

### कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

**नई दिल्ली।** कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं। पांचों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। साउथ कश्मीर के डीजीपी जाविद इकबाल मट्टू ने भास्कर को बताया कि आदिगाम एनकाउंटर में मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है।

**नाम परिवर्तन**

I,Vinod Nagar S/O K C Nagar R/O H.No. 16A/802, Vasundhara, Ghaziabad, UP have changed my daughters name from KASHVI to KASHVI SINGH.

**नाम परिवर्तन**

I,KALPANA NAGAR W/O Vinod Nagar R/O H.No-16A/802,Vasundhara, Ghaziabad, UP have changed my name to KALPANA NAGAR from KALPANA.

कार्यालय मुख्य अभियन्ता

**गाजियाबाद नगर निगम**

(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक:026/निर्माण/2024–25 दिनांक : 27.09.2024

**ई–टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हें दिनांक 04.10.2024 अपरान्हः 3.00 तक वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं की दिनाक 04.10.2024 सांय 4.00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) बेबसाईट https://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाईट पर आपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता, गाजियाबाद नगर निगम

# संदीप घोष ने चार मंजिला घर बनाने में किया कानून का उल्लंघन, मिला नोटिस



**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की मुसिबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक नहीं, दो अलग-अलग मामलों में वह गिरफ्तार हो चुके हैं। जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म, हत्या और भ्रष्टाचार के मामलों में केंद्रीय एजेंसी उनके खिलाफ जांच कर रही है। हाल ही में उनके बेलघाटा के चार मंजिला घर पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। आरोप है कि संदीप घोष ने घर बनाते समय कानून का ध्यान नहीं रखा। उसका उल्लंघन किया। अपने घर के कुछ हिस्से को अवैध रूप से बढ़ा लिया है। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने घर के कुछ हिस्सों का अवैध निर्माण भी किया है।

**सूचना**

**विषय : अभियुक्ता उमेश कुमार के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा के प्रकाशन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसटी 512 /2021 मुकदमा अपराध संख्या 681/20 धारा 306 आईपीसी बनाम उमेश कुमार थाना सिहानी गेट अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र नैन सिंह 172 /390 डॉक्टर चरण सिंह वाली गली निवासी भाटिया मोड़ दौलतपुरा सिहानी गेट गाजियाबाद जो अपने आप को गिरफ्तारी से बचा रहा है और माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र जारी करने के बाद भी मान्य न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। इसीलिए अभियुक्त उमेश कुमार के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा जारी की गई है अगर अभियुक्त 30 सितंबर 2024 से पूर्व न्यायालय में हाजिर नहीं होता तो अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**अपर जिला एवं सत्र न्यायालय**

**कोर्ट सं. 13, गाजियाबाद**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 नई दिल्ली। रविवार 29 सितम्बर-2024 | दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन में नजर आया शहर विधानसभा चुनाव का जोर

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल बोले महिला हर मोर्चे पर हुई हैं सशक्त

# मोदी-योगी ने बढ़ाया है महिलाओं का सम्मान और विश्वास

### भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने भी महिलाओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन शहर विधानसभा महानगर गाजियाबाद के नेतृत्व में लीलावती पब्लिक स्कूल प्रताप विहार सेक्टर-12 विजय नगर में शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर से विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री के साथ ही गाजियाबाद प्रभारी कपिल देव अग्रवाल, भाजपा की प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता शाक्य और महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक और महानगर संयोजिका महिला मोर्चा डॉ. उदिता त्यागी ने आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यक्रम में रणनीति बनाई है। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि पुरुषों से ज्यादा चुनाव पर महिलाएं फोकस कर सकती हैं। महिलाओं की एंट्री प्रत्येक घर में होती है और यही कारण है कि महिलाओं को आगामी विधानसभा शहर सीट उपचुनाव के लिए घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करवाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली है। तो वहीं कार्यक्रम में महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा महानगर, उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रनीता सिंह और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल के साथ ही पूर्व महापौर आशा शर्मा ने भी महिलाओं की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आज आधी आबादी हर क्षेत्र में सशक्त और वर्चस्व दिख रही है। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में वर्षा कौशिक, गीता शाक्य, आशा शर्मा, संजीव शर्मा व कपिल देव अग्रवाल का प्रतीक चिन्ह व पुरस्कार देकर स्वागत भी किया गया।






### प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा मतदान का प्रतिशत बढ़ाना होगा

करंट क्राइम : नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन का आयोजन महानगर गाजियाबाद टीम द्वारा शहर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। लाइनपार में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा की महिला टीम में सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत की थी। महानगर संयोजक महिला मोर्चा डा. उदिता त्यागी के साथ ही महानगर उपाध्यक्ष प्रभारी महिला मोर्चा रनीता सिंह व मंडल अध्यक्ष से लेकर भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षदों को इस सम्मेलन में मुख्य रूप से शामिल किया गया था। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य जोकि राज्यसभा में सांसद भी हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव को जीतने के लिए मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर सबसे ज्यादा फोकस करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता ने कहा कि वैसे उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत कम रहता है लेकिन अगर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को गाजियाबाद शहर सीट उपचुनाव में विजय दिलानी है, तो मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर सभी को जोर देना होगा। उन्होंने खासतौर से महिलाओं से अपील की है कि वह मतदान वाले दिन अधिक से अधिक लोगों को घर से निकलने पर जोर दें। मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा, तो भारतीय जनता पार्टी की जीत आसान बनेगी।





### प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा महिलाएं प्लेन, ट्रेन और फाइटर जेट चल रही हैं, योगी-मोदी ने विश्वास बढ़ाया है

करंट क्राइम : नारी नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं। बीते एक दशक के दौरान भाजपा की सरकारों ने महिलाओं में विश्वास बढ़ाया है। मोदी-योगी की सरकार ने महिलाओं का सम्मान करने के साथ ही देश की नई संसद में सबसे पहले महिला बिल लाकर सभी को बताया है कि महिलाओं के सम्मान के लिए भाजपा ही सबसे ज्यादा चिंता करती है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि महिलाएं प्लेन से लेकर फाइटर प्लेन, जैट से लेकर विमान और ट्रेन से लेकर मेट्रो तक चलाने का काम कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने महिला शक्ति की महिमा बताते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। इसीलिए धन की देवी मां लक्ष्मी है। विद्या की देवी मां सरस्वती है और शक्ति का स्वरूप दुर्गा मां के रूप में है और धरती को भी मॉ का ही नाम दिया गया है। उन्होंने कहा महिला शक्ति हर क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ ही अपनी क्षमताओं ,योग्यताओं और महत्व को जानती हैं। तभी वह प्रमुखता के साथ काम करती हैं।

### भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की टीम डॉ उदिता त्यागी की तारीफ



करंट क्राइम : नारी शक्ति बंधन महिला सम्मेलन शहर विधानसभा क्षेत्र में लाइनपार आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल लीलावती पब्लिक स्कूल प्रताप विहार सेक्टर-12 रखा गया था। मंच पर जब भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का नंबर आया तो उन्होंने कहा कि गाजियाबाद का महिला मोर्चा हर मामले में नंबर वन रहता है। उन्होंने मंच से महानगर संयोजिका महिला मोर्चा डॉ. उदिता त्यागी की तारीफ करते हुए कहा कि जब मैंने शुक्रवार की रात उदिता को फोन किया कहा कि क्या आवश्यकता है, तो उदिता त्यागी ने कहा कि बस अध्यक्ष जी आप समय से आशीर्वाद देने पहुंचे, हमने सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। इस दौरान उन्होंने महिला महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह और भाजपा महिला मोर्चा की तारीफ की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद भी दिया।

### पूरे भारत में गाजियाबाद को सदस्यता में नंबर एक लाना है : वर्षा कौशिक



करंट क्राइम : महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक ने कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं। इस दौरान उन्होंने विधानसभा उपचुनाव के साथ ही भाजपा महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरीके से सदस्यता अभियान चल रहा है। पूर्व में भी गाजियाबाद मेरठ का अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन इस बार पूरे भारत में गाजियाबाद को नंबर वन लाने के लिए सभी को मेहनत करनी है। प्रत्येक महिला पदाधिकारी को 100-100 लोगों को सदस्य बनवाना है। साथ ही जो 100 सदस्य बनाएंगे वह भी आगे 10 से ज्यादा सदस्य बनांऐगे। तभी भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत में गाजियाबाद का नंबर एक स्थान आ सकता है।




### पूर्व महापौर आशा शर्मा ने दिलाया भरोसा गाजियाबाद सदस्यता में रहेगा टॉप

करंट क्राइम : नारी शक्ति बंधन महिला सम्मेलन कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व महापौर आशा शर्मा भी मौजूद रहीं। आशा शर्मा की संगठन और भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं ने मंच से तारीफ की। उनको ऊजार्वान बताते हुए खुद मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उदिता त्यागी और संजीव शर्मा ने कहा कि पूर्व महापौर आशा शर्मा जैसा समर्पण राजनीति में कम ही लोगों में देखा जाता है। इस दौरान आशा शर्मा ने भी मंच से महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य और क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक को भरोसा दिलाया की सदस्यता के अभियान में भी भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद की टीम नंबर वन रहेगी। महिलाएं इस सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत कर रही है, जो आगे भी जारी रखी जाएगी।

### बड़ी संख्या में रही महिलाओं की उपस्थित



करंट क्राइम : कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद पूनम सिंह, शीतल चौधरी, रेखा गोस्वामी, किरण सिंह, भक्ति सिंह, दीप्ति अरोड़ा, अनीता शर्मा, प्रियंका पांडे, शिरोमणि त्यागी, सुषमा गंगवार, गीता चौधरी, कविता चौहान, निशि त्यागी, पायल खत्री और पूनम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी उपस्थित रही।

### इन महिला पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान के लिए किया गया सम्मानित



करंट क्राइम : नारी शक्ति बंधन महिला सम्मेलन कार्यक्रम में सर्वाधिक रेफरल के माध्यम से भाजपा सदस्य बनने वाली निशा त्यागी, कविता चौहान, नीरज चौहान, निशा सिंह, वृंदा चावरे को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महानगर महिला मोर्चा की सर्वाधिक रेफरल के माध्यम सदस्य बनने वाली पांच महिला पदाधिकारी में सविता त्यागी, शीतल चौधरी, प्रमिला चौधरी ,शैली त्यागी एवं करुणा सिसोदिया को भी सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्स एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा कौशिक द्वारा सम्मानित किया गया।

## मलेरिया व अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निगम में स्वास्थ्य विभाग की हुई बैठक



### सफाई नायकों के साथ बनाई कार्य योजना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में कहीं भी संचारी रोग न फैले इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा समस्त सफाई नायकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी को आंतरिक वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने,फॉगिंग कराने, एंटी लारवा छिड़काव कराने और शहर वासियों को संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूक करने के कार्य के लिए कहा गया। इस अवसर पर एम एम जी हॉस्पिटल के हेल्थ एडमिनिस्ट्रेर, सीनियर मलेरिया ऑफिसर नरेंद्र, चीफ सेनेटरी फूड ऑफिसर, जोनल सेनेटरी फूड ऑफिसर उपस्थित रहे। एसबीएम टीम तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम संचारी रोगों से बचाव के लिए जन-जन को जागरुक कर रहे हैं जिसमें, पूरी बाजू के कपड़े पहनने, घर के आसपास सफाई बनाए रखना, पानी एकत्र न होने देना व अन्य उपचार हेतु शहर निवासियों से अपील भी की जा रही है।

## स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान में जुड़ रहा है शहर

## ग्रहणियों तथा विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका : नगर आयुक्त










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार स्वच्छता ही सेवा 2024 के कार्यक्रम चल रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जन-जन को स्वच्छता ही सेवा का नारा दिया जा रहा है। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम की एसबीएम टीम द्वारा स्वच्छ घर तथा स्वच्छ विद्यालयों का चयन किया गया है जिसमें हर वार्ड में एक स्कूल तथा हर वार्ड में तीन ऐसे घर को चुना गया है जो पूर्णता स्वच्छ है। जिनके द्वारा कचरा पृथक्करण को अपनाया गया है तथा निरंतर कार्य स्वच्छता के प्रति किया जा रहा है। ऐसी स्कूलों को तथा घरों को गाजियाबाद नगर निगम प्रशस्ति पत्र भी दे रहा है।

वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि स्वच्छ स्कूल के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 74 सेक्टर-15 में एस जी पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य को प्रशस्ति दिया गया।

वार्ड संख्या 4 माता कॉलोनी के प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस प्रकार सभी जोन में निरंतर अभियान चल रहे हैं। विद्यार्थियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है लगभग 283 घरों तथा 94 स्कूलों को अभियान के दौरान जोड़ा जा रहा है।

कचरा पृथक्करण को लेकर गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों को जागरुक कर रहा है। राजेंद्र नगर मोहन नगर जोन में तीन घरों को प्रशस्ति पत्र दिया गया है जिनके द्वारा नियमित रूप से कचरा अलग-अलग किया जा रहा है।

## संपादकीय

# मृत्यु को टालने की तमन्ना

सदियों से इंसानों की यह कोशिश रही है कि आयु को बढ़ने से कैसे रोक दिया जाए। आयु ही नहीं, बल्कि मृत्यु को भी टालने की तमन्ना आदि काल से बरकरार है। इसमें कोई शक नहीं है कि विगत एक सदी में इंसानों ने अपने जीवन को औसतन दोगुना लंबा कर लिया है। अभी भी अधिकतम 120 वर्ष की आयु तक लोग जीते पाए जाते हैं। उम्रदराज लोगों की संख्या दुनिया में बढ़ी है, पर चिकित्सकों के साथ ही अनेक वैज्ञानिकों की यह कोशिश भी जारी है कि आमतौर पर लोगों को जल्दी बूढ़ा होने से रोका जाए। बुढ़ापे को कैसे टाला जा सकता है, यह एक गहरे अध्ययन का विषय रहा है। हाल में जारी नेचर हिट्स द बुक्स के नवीनतम एपिसोड में नोबेल विजेता वेंकी रामकृष्णन ने उम्र बढ़ने की अंतर्निहित आणविक प्रक्रियाओं पर गहराई से प्रकाश डाला है और बताया है कि दीर्घायु की तलाश में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ज्यादा जीने के साथ ही अच्छा जीना भी आज दिलचस्प विषय है। अच्छी जीवन शैली, साफ परिवेश, शुद्ध खान-पान और चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने की अनिवार्यता का बढ़ना तय है। विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई की मदद से एक ऐसी मस्तिष्क घड़ी का निर्माण हुआ है, जो यह बता सकती है कि किसी व्यक्ति का मस्तिष्क उसकी आयु की तुलना में ज्यादा तेजी से बूढ़ा हो रहा है या नहीं। दरअसल, ज्यादा समय तक युवा रहने के लिए दिमाग का युवा रहना जरूरी है। यह खास घड़ी बताती है कि अधिक असमानता वाले देशों और लैटिन अमेरिकी मुल्कों में दिमाग तेजी से बूढ़ा होता है। इस शोध के प्रमुख लेखक और सैंटियागो में एडोल्फो इबनेज यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट ऑगस्टिन इबनेज कहते हैं कि जिस तरह से आपका मस्तिष्क बूढ़ा होता है, वह सिर्फ वर्ष से संबंधित नहीं है। यह इस बारे में भी बताता है कि आप कहां रहते हैं, क्या करते हैं, आपका सामाजिक-आर्थिक स्तर, आपके पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर कैसा है। शोधकर्ता यह भी स्पष्ट करते हैं कि कोई भी देश, जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करना चाहता है, उसे संरचनात्मक विषमताओं को पहले दूर करना चाहिए। अगर किसी देश में कुछ अमीर हैं और ढेर सारे गरीब, तो उस देश में आयु ज्यादा नहीं बढ़ेगी। जिस देश में आय की समानता ज्यादा होगी, वहां के लोगों को लंबी जिंदगी नसीब होगी।

यह खास रिपोर्ट नेचर मेडिसिन में भी प्रकाशित हुई थी और इसकी चर्चा स्वाभाविक ही ज्यादा हो रही है। ज्यादा जीना भला कौन नहीं चाहेगा? यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने दिमाग का इस्तेमाल कैसे कर रहे हैं। अगर आपका दिमाग नई-नई चीजों से लगातार जुड़ रहा है, तो उसका उत्तरोतर समृद्ध होते जाना निश्चित है। यह देखा गया है कि बढ़ती उम्र के साथ लोगों का दिमाग बदलता जाता है और उनके पसंदीदा विषयों में कमी आने लगती है। क्या इस प्रक्रिया को रोका जा सकता है? क्या दिमाग को ज्यादा समय तक युवा रखा जा सकता है? वैज्ञानिकों को ठोस समाधान के साथ सामने आना चाहिए। ध्यान रहे, यह शोध 15 देशों में किया गया है। इनमें मेक्सिको, कोलंबिया, पेरू, क्यूबा, ब्राजील, चिली, अर्जेंटीना जैसे लैटिन या कैरेबियन देश और चीन, जापान, अमेरिका, इटली, ग्रीस, तुर्की, ब्रिटेन, आयरलैंड शामिल हैं। इसमें करीब 5,306 लोगों ने भाग लिया है। ऐसे अध्ययन की भारत में भी जरूरत है। यहां भी लोग ज्यादा जीना चाहते हैं।

## 'देश में इलाज कराना आसान नहीं'
# रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली।** एसीकेओ इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस इंडेक्स 2024 के अनुसार देश में स्वास्थ्य सेवाओं की लागत 14 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है। इंडेक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हर साल स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती जा रही है। हेल्थकेयर के मामले में महंगाई दर दोहरे अंकों में है। इंडेक्स के अनुसार, भारत में स्वास्थ्य सेवा मुद्रास्फीति 14 प्रतिशत दर्ज की गई। इंडेक्स ने यह भी बताया




कि देश में अस्पताल के 23 प्रतिशत खर्च ही उधार के माध्यम से वित्तपोषित किए जाते हैं, जो परिवारों के वित्तीय स्वास्थ्य पर काफी दबाव डालता है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 62 प्रतिशत खर्च खुद के जेब से चुकाए जाते हैं। इस रिपोर्ट ने अप्रत्याशित स्वास्थ्य संकटों से बचाने के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा कवरेज की आवश्यकता पर जोर दिया।

स्वास्थ्य बीमा दावों में प्रमुख बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली भारत में किडनी रोग की राजधानी के रूप में उभरी है, जहां किडनी से जुड़े स्वास्थ्य बीमा दावों की सबसे अधिक हिस्सेदारी है। सूचकांक में कहा गया है कि राजधानी के बाद, किडनी रोग के लिए स्वास्थ्य बीमा में सबसे अधिक दावे कोच्चि से थे। सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, गुर्दे की बीमारी के मामले में दिल्ली सबसे आगे है, उसके बाद कोच्चि है। दिल्ली एनसीआर में किडनी स्वास्थ्य से संबंधित सबसे अधिक दावे आते हैं। कोच्चि, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और जयपुर के दावों का हिस्सा भी राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# यूबीएस रिपोर्ट : दिसंबर से सस्ते हो सकते हैं कर्ज, ब्याज दरें घटने की उम्मीद

## 0.75 फीसदी तक घट सकती है रेपो दर




**नई दिल्ली।** दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति नरम करने के बीच भारत में भी ब्याज दरें दिसंबर से कम हो सकती हैं। ऐसे में जनवरी तिमाही से सस्ते ब्याज दर पर कर्ज मिलना शुरू हो सकता है। यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, महंगाई की दरें लगातार घट रही हैं। चालू वित्त वर्ष में यह भारतीय रिजर्व बैंक के 4.5 फीसदी के अनुमान से 0.30 फीसदी कम रह सकती है। अगस्त में यह 3.65 फीसदी रहा है। ऐसे में आरबीआई दरों में 0.75 फीसदी तक कटौती कर सकता है।

**9 बार से रेपो दर स्थिर :** खाद्य महंगाई के जोखिम को देखते हुए आरबीआई ने पिछले 9 बार यानी फरवरी, 2023 से रेपो दर को स्थिर रखा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी कहा है कि ब्याज दरों में बदलाव लंबी अवधि की महंगाई को ध्यान में रखकर लिया जाएगा।

पिछले हफ्ते अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने 0.5 फीसदी की कटौती किया था। साथ ही, कई और देशों ने भी दरों में कटौती की है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 7 से 9 अक्तूबर के बीच होगी।

# सरकारी बैंकों में घट रहे कर्मचारी निजी बैंकों ने तेज की भर्ती

## एसबीआई को HDFC छोड़ेगा पीछे




**नई दिल्ली।** कोरोना के बाद से जहां सरकारी बैंक कर्मचारियों की संख्या घटा रहे हैं, वहीं निजी बैंकों ने आक्रामक भर्तियां की हैं। वित्त वर्ष 2019-20 में सरकारी बैंकों में कुल 7,70,409 कर्मचारी थे जो अब घटकर 7,64,679 रह गए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार 2019-20 में निजी बैंकों में कुल 5,54,950 कर्मचारी थे। अब संख्या बढ़कर 8.46 लाख हो गई है। यानी 2,91,580 कर्मचारियों की भर्ती हुई है। सरकारी बैंकों में इसी अवधि में 5,730 कर्मचारी घट गए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, निजी बैंकों ने दूसरे और तीसरे स्तर के शहरों में शाखाएं बढ़ाकर और कृषि, माइक्रोफाइनेंस जैसे ग्रामीण इलाकों के कर्ज उत्पाद में कदम रखकर पहुंच और वित्तीय सेवाओं को मजबूत किया है। दूसरी तरफ, सरकारी बैंक उतनी तेजी से नई शाखाएं नहीं खोल रहे हैं।

एसबीआई में घट गए 17,152 कर्मचारी

निजी बैंकों के कर्मचारियों की संख्या पांच सालों में 1.5 गुना बढ़ गई है। सरकारी बैंक में एसबीआई के पास 2020 में 2.49 लाख कर्मचारी थे। अब यह संख्या 17,152 घटकर 2.32 लाख रह गई है। एचडीएफसी बैंक की संख्या इसी अवधि में 96,556 बढ़कर 2.13 लाख के पार हो गई है।

# कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक छह करोड़ नौकरियां देने की तैयारी



**नई दिल्ली।** सरकार ने कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक 4.5 से 6 करोड़ नौकरियां पैदा करने के लिए रोड मैप तैयार किया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, इस क्षेत्र का आकार 165 अरब डॉलर है। इसे 350 अरब डॉलर तक ले जाने का प्रयास है। हमने जो 100 दिवसीय रोड मैप तैयार किया है उससे लाखों करोड़ रुपये का निवेश आ सकता है। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, पहले स्वीकृत सात पीएम-मित्र एकीकृत मेगा टेक्सटाइल पार्क के पूरी तरह शुरू होने पर 70,000 करोड़ का निवेश आएगा। इससे 21 लाख नौकरियां पैदा होंगी। 350 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचने के लिए हमें मानव निर्मित कपड़े की जरूरत है। सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के लिए 100 अरब डॉलर का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

# जनवरी से 7% तक महंगी होगी कूरियर सेवा

**भारत में कूरियर का किराया बढ़ने की खबर :** नए साल से कूरियर सेवा सात फीसदी महंगी हो सकती है। लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता डीएचएल एक्सप्रेस ने शुक्रवार को कहा, जनवरी से भारत में कूरियर का किराया औसत 6.9 फीसदी महंगा हो जाएगा। वैश्विक स्तर पर महंगाई को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

**विशेष स्टील के लिए आएगी एक और पीएलआई :** पहले चरण में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण सरकार विशेष स्टील के लिए फिर से उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लेकर आएगी। इस पर काम चल रहा है। स्टील सचिव संदीप पौड्रिक ने कहा, विशेष स्टील अब भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां और अधिक काम करने की जरूरत है। सरकार इसको प्रोत्साहित करने के लिए पीएलआई ले आई, लेकिन उम्मीद के मुताबिक रिस्पांस नहीं मिला।

**माजदा 77,000 वाहनों को मंगाएगी वापस :** माजदा अमेरिकी बाजार में खराबी के चलते 77,670 वाहनों को वापस मंगाएगी। कंपनी ने बताया कि वाहनों के सॉफ्टवेयर में खराबी आई है जिससे सामने वाला एयरबैग पर असर पड़ सकता है।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास। कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें।

**वृष :** मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है। समय पर लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है।

**मिथुन :** नए कार्यों की शुरूआत पर ध्यान देना चाहिए। कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो दिन अच्छा है। साथ ही अवसरों का ध्यान रखें और हाथ से जाने न दें।

**कर्क :** मित्र आपकी मदद करेंगे। किसी मित्र को आपकी सलाह से बहुत लाभ हो सकता है। आपको केवल उन अवसरों के लिए धैर्य रखना होगा जो आपको मिलेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या :** किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा फायदा उठा सकता है।

**तुला :** आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। अपने व्यवहार से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक :** व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे। आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है।

**धनु :** आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा।

**मकर :** कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए। एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** दिन महत्वपूर्ण रहेगा। ऑफिस में बॉस काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए दिन अच्छा है।

**मीन :** आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे। आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।

## चुटकुले

टिल्लू- बाबा, दाहिने हाथ में खुजलाहट है,
बाबा- वत्स, लक्ष्मी आने वाली है.
टिल्लू- दाएं पैर में भी खुजलाहट है.
बाबा- यात्रा योग बन रहा.
टिल्लू- पेट पर भी खुजलाहट है.
बाबा- उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी.
टिल्लू - गर्दन पर भी खुजलाहट है.
बाबा- दूर हट, तुझे खुजली की बीमारी है।

पत्नी ने अचानक पति को जोर का चाटा मारा!
पति बेचारा तिलमिला उठा..
पति- मारा क्यों?
पत्नी- जी मच्छर था
और मेरे जीते जी कोई और आपका खून चूसे ये मुझे बर्दाश्त नहीं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।
- टमाटर कई अलग-अलग तरीकों से खाया जाता है, फल की तरह कच्चा होता है, कई व्यंजनों, सॉस, साल्सा, सलाद, केचप या टमाटर के सूप में संसाधित होता है।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर बेहतर होते हैं, टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।



# 18 साल की वो लड़की, जिसने 16 घंटे तैरकर पार किया था इंग्लिश चैनल

**नई दिल्ली।** 12 साल की उम्र में ओलंपिक में हिस्सा लिया, इंग्लिश चैनल पार कर भारत का परचम बुलंद किया था और न जाने ऐसे कितने बड़े कारनामे किए जिसने उन्हें दुनिया में एक बड़ी पहचान दिलाई। इस दिग्गज भारतीय महिला तैराक का नाम था आरती साहा, जिसे 'हिंदुस्तानी जलपरी' के नाम से भी शोहरत मिली।

तैराकों के लिए आरती किसी प्रेरणा से कम नहीं। उनका जन्म 24 सितंबर 1940 को एक सामान्य मध्यम परिवार में हुआ था। इंग्लिश चैनल पार कर देश का नाम करने से लेकर 'पद्मश्री' से सम्मानित होने तक उन्होंने साहस और समर्पण की नई मिसाल पेश की।

नए-नए कीर्तिमान तो दुनिया में हर दिन रचे जाते हैं पर आरती साहा का 29 सितंबर से बेहद खास कनेक्शन है।

आरती साहा ने 29 सितंबर, 1959 को 16 घंटे और 20 मिनट में



**इस दिग्गज भारतीय महिला तैराक का नाम था आरती साहा, जिसे 'हिंदुस्तानी जलपरी' के नाम से भी शोहरत मिली।**

इंग्लिश चैनल को पार किया था। वे भारत तथा एशिया की ऐसी पहली महिला तैराक थीं, जिसने इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया था।

आरती के जीवन का शुरूआती दौर काफी मुश्किल रहा। उन्होंने काफी छोटी उम्र में अपनी मां को खो दिया था।

आरती को उनकी दादी ने पाला। वह अपने पिता से काफी प्यार करती थीं और उनके बेहद करीब थीं। उनके पिता भी तैराक थे। जब उन्होंने पहली बारी आरती को तैरते देखा, तो समझ गए कि उनकी बेटी में एक अच्छी तैराक बनने के सारे गुण हैं।

फिर क्या था, पास के एक स्विमिंग स्कूल में उन्होंने आरती का नाम लिखवा दिया और यहीं से आरती के 'हिंदुस्तानी जलपरी' बनने का सफर शुरू हुआ। उनकी तैराकी प्रतिभा को कोच सचिन नाग ने तराशा। बताया जाता है कि आरती की सफलता के पीछे सचिन नाग की बड़ी भूमिका रही है।

आरती ने वर्ष 1951 में 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। फिर स्टेट और नेशनल लेवल पर भी लगातार जीतती रहीं।

1951 तक वह अपने नाम 22 मेडल जीत चुकी थीं। 1952 में वह सिर्फ 12 साल की थीं, जब फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी में ओलंपिक में भाग लिया था। ऐसे कई बड़े रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज हैं।

1960 में उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था। वे 'पद्मश्री' प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी थीं। 1999 में उनके नाम से डाक टिकट भी जारी हुआ।

1994 में वह काफी बीमार पड़ीं। उन्हें पीलिया हो गया था।

# हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल ने नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैचों की वापसी का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज- हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। भारत 23 और 24 अक्टूबर को ओलंपिक रजत पदक विजेताओं से भिड़ेगा।

इस आयोजन के साथ एक दशक के बाद नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है और इस आयोजन में पूर्व हॉकी सितारों सहित कई गणमान्य लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। पिछली बार भारत ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में जनवरी 2014 में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल - पुरुष राउंड 4 खेला था।

पद्मश्री हरबिंदर सिंह, 1964 टोक्यो गोल्ड, 1968 मैक्सिको ब्रॉन्ज और 1972 म्यूनिख ओलंपिक में ब्रॉन्ज, ने कहा, 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि



शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक हमारे लिए चीयर कर रहे थे। मुझे लगता है कि भारत और जर्मनी के लिए भी बहुत से प्रशंसक आएंगे। आखिरकार, वे एक दशक के बाद कोई उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मैच देखेंगे।

1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और दिल्ली में 1982 के एशियाई खेलों में रजत जीतने वाली टीम के कप्तान जफर इकबाल ने भी कहा, हमारे जमाने में हॉकी के बहुत से प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेल और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत से समर्थक आते थे और हम जिन बड़े स्टेडियमों में खेलते थे, वहां हमेशा उत्साह देखने को मिलता था। जर्मनी एक कठिन टीम है, हमने टोक्यो ओलंपिक में उन्हें हराकर कांस्य पदक जीता और हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे हार गए, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय हमें उन पर जीत हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

पिछले साल चेन्नई ने पुरुषों की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जबकि रांची ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर दोनों का स्वागत किया था। इस नवंबर में, बिहार का एक शहर राजगीर आगामी महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा।

हरबिंदर सिंह ने हॉकी इंडिया की हॉकी को देश के सभी हिस्सों में ले जाने की पहल की।

# अल्काराज दूसरे दौर में, मेदवेदेव ने गाएल मोंफिल्स को हराया

**बीजिंग।** चार बार के प्रमुख चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने साथी 21 वर्षीय जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि तीसरे वरीय दानिल



मेदवेदेव ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन के पुरुष वर्ग के पहले दौर में अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया। इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतने वाले अल्काराज के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मैच था, क्योंकि उन्हें एटीपी टूर पर सबसे बड़ी सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक एमपेटशी पेरीकार्ड का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने नवीनतम अभियान से अभ्यस्त होने के लिए बहुत कम समय था।

# फीफा ने अर्जेंटीना के मार्टिनेज को दो मैचों के लिए निलंबित किया

**ब्यूनसआयर्स।** अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो डिबू मार्टिनेज को निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों का उल्लंघन करने पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है।

मार्टिनेज अगले महीने वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।

मार्टिनेज ने इस महीने की शुरूआत में चिली और कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैचों के दौरान फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चिली के खिलाफ जीत के बाद, गोलकीपर को कोपा अमेरिका ट्रॉफी की प्रतिकृति को अपने ग्रोइन क्षेत्र में पकड़े हुए देखा गया, जो 2022 फीफा विश्व कप जीत के बाद उनके द्वारा किए गए जश्न की याद दिलाता है।

एस्टन विला स्टार को 10 सितंबर को कोलंबिया से अर्जेंटीना की 2-1 की हार के बाद अपने कार्यों के लिए भी परिणाम भुगतने पड़े, जब उन्होंने अंतिम सीटी के बाद एक कैमरा ऑपरेटर के उपकरण को धक्का दिया



था।

अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ (एएफए) ने कहा कि फीफा द्वारा प्रतिबंधों की पुष्टि करने से पहले खिलाड़ी और संघ द्वारा बचाव प्रस्तुत किया गया था।

एएफए ने एक बयान में कहा, डेमियन एमिलियानो मार्टिनेज को उनके आक्रामक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

इसमें कहा गया, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अर्जेंटीना फुटबॉल संघ फीफा अनुशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय से पूरी तरह असहमत है।

ला एल्बिसेलेस्टे वर्तमान में आठ मैचों में 18 अंकों के साथ कॉनमेबोल विश्व कप क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद कोलंबिया से दो अंकों की बढ़त बनाए हुए है। कॉनमेबोल की शीर्ष छह टीमें 2026 टूनामेंट के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए अंतर-संघ प्लेऑफ में प्रवेश करेगी।फीफा ने अर्जेंटीना के मार्टिनेज को दो मैचों के लिए निलंबित किया

ब्यूनस आयर्स, 28 सितंबर (आईएएनएस)। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो डिबू मार्टिनेज को निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों का उल्लंघन करने पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है।

मार्टिनेज अगले महीने वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।

मार्टिनेज ने इस महीने की शुरूआत में चिली और कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैचों के दौरान फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चिली के खिलाफ जीत के बाद, गोलकीपर को कोपा अमेरिका ट्रॉफी की प्रतिकृति को अपने ग्रोइन क्षेत्र में पकड़े हुए देखा गया, जो 2022 फीफा विश्व कप जीत के बाद उनके द्वारा किए गए जश्न की याद दिलाता है। एस्टन विला स्टार को 10 सितंबर को कोलंबिया से अर्जेंटीना की 2-1 की हार के बाद अपने कार्यों के लिए भी परिणाम भुगतने पड़े, जब उन्होंने अंतिम सीटी के बाद एक कैमरा ऑपरेटर के उपकरण को धक्का दिया था।

अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ (एएफए) ने कहा कि फीफा द्वारा प्रतिबंधों की पुष्टि करने से पहले खिलाड़ी और संघ द्वारा बचाव प्रस्तुत किया गया था।

एएफए ने एक बयान में कहा, डेमियन एमिलियानो मार्टिनेज को उनके आक्रामक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसमें कहा गया, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अर्जेंटीना फुटबॉल संघ फीफा अनुशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय से पूरी तरह असहमत है।

# अस्पताल ने कहा कि मुशीर खान की हालत फिलहाल स्थिर

**लखनऊ।** मुंबई के बल्लेबाज मुशीर खान की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उन्हें एक बड़ी कार दुर्घटना में गर्दन और अंगों पर चोटें आई हैं। लखनऊ के मेदांता अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है।

शुक्रवार को आजमगढ़ से लखनऊ जाते समय मुशीर की एसयूवी कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्हें गर्दन में दर्द के साथ रात 8 बजे मेदांता अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया और ऑर्थोपेडिक्स विभाग के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है।

अस्पताल ने शनिवार को एक बयान में कहा, 27 सितंबर को रात 8 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में घायल क्रिकेटर मुशीर खान को गर्दन में दर्द के साथ मेदांता अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया। ऑर्थोपेडिक्स विभाग के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं।

भारतीय बल्लेबाज सरफराज



खान के भाई मुशीर के साथ कार में उनके पिता एवं कोच नौशान खान भी थे और दुर्घटना में नौशान खान को भी मामूली चोटें आईं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक सूत्र ने बताया कि कार तेज गति से नियंत्रण खो बैठी और सड़क पर कई बार पलट गई।

एमसीए ने एक बयान में कहा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) की मेडिकल टीमें उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रख रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें सर्वोत्तम संभव देखभाल मिले।

इसमें कहा गया है, एक बार जब मुशीर को यात्रा के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट माना जाता है, तो उन्हें आगे के मूल्यांकन और अतिरिक्त चिकित्सा उपचार के लिए मुंबई ले जाया जाएगा।

# बारिश की भेंट चढ़ा दूसरे दिन का खेल भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में वर्षा का कहर जारी है और शनिवार को दूसरे दिन का खेल पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया। बांग्लादेश ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 107 रन बनाये थे लेकिन वह उसके बाद अपनी पारी आगे शुरू नहीं कर पाया है।

तीनों अंपायर क्यूरेटर से बात करने आए थे और फिर दिन के खेल को रद्द घोषित कर दिया गया। तीसरे दिन भी बारिश का पूर्वानुमान है, हालांकि दिन के दूसरे हिस्से में मौसम के साफ रहने की उम्मीद है।

लगातार बारिश और नमी वाले आउटफील्ड के कारण कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन कोई भी क्रिकेट गतिविधि संभव नहीं थी। खराब मौसम और आउटफील्ड की स्थिति इतनी खराब थी कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे ही खेल को रद्द



कर दिया गया। 2015 में बेंगलुरु में हुए टेस्ट के बाद से भारत में एक दिन का खेल पहली बार बारिश की भेंट चढ़ गया।

पहले तीन दिनों के लिए खेल से पहले के पूर्वानुमान को देखते हुए कानपुर में आज की घटनाएं आश्चर्यजनक नहीं थीं। मौसम ने पहले दिन केवल 35 ओवर की अनुमति दी, जिसमें बांग्लादेश ने अप्रत्याशित पिच पर मुश्किल परिस्थितियों में संघर्ष किया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरूआती मूवमेंट से सही साबित हुआ। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, और मेजबान टीम को राहत देने के लिए आकाश दीप के दोहरे स्ट्राइक की जरूरत पड़ी।

# गॉफ ने ब्यूरेल को हराया, वाइल्डकार्ड खिलाड़ी झांग शुआई ने दूसरे राउंड में नवारो को बाहर किया

**बीजिंग।** कोको गॉफ ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे राउंड में क्लारा ब्यूरेल को 7-5, 6-3 से हराया, जबकि चीन की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी झांग शुआई ने यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट एम्मा नवारो को हराकर बाहर कर दिया।

यूएस ओपन खिताब की रक्षा में एम्मा नवारो से चौथे राउंड में हारने के बाद अपने पहले मैच में, नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने फ्रांस की विश्व नंबर 56 ब्यूरेल पर 100 मिनट में जीत दर्ज की। गॉफ को जीत हासिल करने से पहले पहले सेट में 5-4 पर एक सेट प्वाइंट बचाना पड़ा।

गॉफ का अगला मुकाबला रविवार को राउंड ऑफ 32 में नंबर 26 वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की कैटी बौल्टर से होगा। बौल्टर ने शुक्रवार



को गॉफ की साथी अमेरिकी टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-4 से हराया। गॉफ और बौल्टर के बीच पिछली दो भिड़ंत बराबरी पर रहीं, बौल्टर ने 2021 में डब्लूटीए 500 मेलबर्न में तीन सेटों में जीत दर्ज की, जबकि गॉफ ने पिछले साल डब्लूटीए 1000 मॉन्ट्रियल में सीधे सेटों में जीत दर्ज की।

विश्व रैंकिंग में 595वें स्थान पर काबिज झांग शुआई ने विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर काबिज नवारो को मात्र 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम 32 में जगह बनाई।

35 वर्षीय ने कहा, ₹मुझे लगता है कि कई प्रशंसक मेरा समर्थन करते हैं, लेकिन कई ऐसे भी हैं जो मानते हैं कि मैं अब इतना अच्छा टेनिस नहीं खेल सकती। उन्हें लगता है कि मेरी उम्र और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है। मैं बस सभी को दिखाना चाहती हूं कि मेरे दैनिक प्रयास व्यर्थ नहीं गए हैं। सपने देखने वाले हर व्यक्ति को उसका पीछा करना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। सपनों का आपकी उम्र से कोई लेना-देना नहीं है।"

दूसरी ओर, चीन की वांग शिन्यू को महिला एकल के दूसरे दौर में रूस की वेरोनिका कुडरमेतोवा ने 3-6, 6-4, 7-5 से हराया। ओलंपिक मिश्रित युगल रजत पदक विजेता चीन के झांग झिझेन को पुरुष एकल के पहले दौर में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से 6-3, 4-6, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

झांग झिझेन, जो तीन दिन पहले एटीपी 250 हांगझोउ टेनिस ओपन के फाइनल में पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से हार गए थे, और अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीतने से चूक गए।

चीनी डर्बी में, ब्यूंचाओकेटे ने वापसी करते हुए शांग जुनचेंग को 6-7 (3), 6-2, 6-4 से हराया। यह जीत ब्यूंचाओकेटे की पहली एटीपी 500 जीत और टूर पर उनकी कुल पांचवीं जीत है।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप : ग्रुप ए में कोई ऑस्ट्रेलिया और भारत को चुनौती पेश कर पाएगा

**नई दिल्ली।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप ए में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। टीम प्रिव्यू की इस कड़ी की शुरूआत ग्रुप ए की टीमों से करते हैं और उनकी मजबूत और कमजोर कड़ी पर प्रकाश डालते हुए उनके विश्व कप अभियान की संभावनाओं को टटोलने का प्रयास करते हैं।

भारत स्पिनरों की भरमार के बीच भारत आगामी वर्ल्ड कप जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है। पिछले संस्करण के बाद से भारत ने सिर्फ.सात टी20 हारे हैं। हालांकि उन्हें एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के हाथों हार का सामना भी करना पड़ा था। भारत ने आईसीसी टूनामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों को चुनौती भी दी है लेकिन नॉकआउट स्टेज पर उन्हें निराशा हाथ लगी है। वर्ल्ड कप की तैयारियों के संदर्भ में भारत ने खेल मनोवैज्ञानिक की भी



मदद ली है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी अच्छे फॉर्म में है और पिछले एक साल से दोनों ही खिलाड़ियों ने काफी रन भी बनाए हैं। मंधाना ने स्पिन के खिलाफ अपने खेल पर काफी मेहनत की है, जिसकी झलक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में दिखाई भी दी थी और यूएई में यह मेहनत मंधाना के काम भी आएगी।

### अहम खिलाड़ी

भारत के टी20 सेटअप में दीप्ति शर्मा के बल्लेबाजी क्रम को लेकर भले ही दुविधा हो सकती है लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह भारतीय एकादश का हिस्सा होंगी। खेल के हर चरण में गेंदबाजी करने की उनकी क्षमता कप्तान हरमनप्रीत कौर को दबाव की स्थिति में उनके रूप में एक विकल्प प्रदान करती है। वह यूएई में भारतीय टीम के लिए अहम साबित हो सकती हैं। जनवरी 2022 के बाद से तमाम पूर्ण सदस्य देशों और आगामी वर्ल्ड कप का हिस्सा सभी टीमों में दीप्ति से ज्यादा विकेट (73) किसी अन्य खिलाड़ी ने नहीं लिए हैं। तुलनात्मक तौर पर उनकी बल्लेबाजी के आंकड़े उतने प्रभावी भले ना हों लेकिन ऐसी स्थिति में भी महिला टी20 में जनवरी 2022 से लेकर अब तक दीप्ति को छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी ने 45 विकेट और 420 रन नहीं बनाए हैं। इस अवधि में खुद दीप्ति ने 525 रन बनाए हैं। महिला हंड्रेड में भी उन्होंने अपनी ऑलराउंड क्षमता का परिचय दिया था। उन्होंने लंदन स्पिरिट के लिए 132.50 के स्ट्राइक रेट से 212 रन बनाए थे और 6.85 की इकॉनमी से आठ विकेट चटकाए थे।



### अनुमानित प्रदर्शन : भारत फाइनल खेल सकता है

ऑस्ट्रेलिया वह गत विजेता हैं, लगातार तीन बार से यह ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के नाम ही रही है। 2017 के वनडे वर्ल्ड कप से ही उन्होंने कोई भी वैश्विक टूनामेंट नहीं हारा है। हालांकि उन्हें फरवरी 2023 में घर पर ही इंग्लैंड के हाथों 1-2 से टी20 श्रृंखला हारनी पड़ी थी। इस बीच में दो बार भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी पूरी टीम एक पारी में सिमट चुकी है जो कि 2020 के वर्ल्ड कप के बाद से ही नहीं हुआ था। ऑस्ट्रेलिया के पास अभी भी एक असाधारण दल है और उन्हें हराना अन्य टीमों के लिए काफी मुश्किल रहने वाला है। हालांकि वह बल्लेबाजी में अपने हालिया प्रदर्शनों की तुलना में अधिक साहसिक हो सकते हैं। अहम खिलाड़ी एलिस पेरी ऑस्ट्रेलिया की सबसे अहम कड़ी साबित हो सकती हैं। हालांकि उनके सामने अपने टी20 करियर के दूसरे चरण में बल्ले के साथ प्रदर्शन को और

न्यूजीलैंड की टीम इस वर्ल्ड कप में लगातार 10 टी20 मैच हारते हुए प्रवेश करेगी। उन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी। वह एक मुश्किल ग्रुप में हैं, जहां उन्हें टूनामेंट में आगे बढ़ने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। सूजी बेट्स और सोफी डिवाइन अपना लगातार नौवां टी20 वर्ल्ड कप खेलेंगी। न्यूजीलैंड के पास एक अनुभवी दल है लेकिन उन्हें युवा खिलाड़ियों से भी मदद की दरकार होगी। डिवाइन ने हाल ही में नंबर चार पर बल्लेबाजी की है और पारी को मध्य चरण में नियंत्रित करने का प्रयास किया है। लेकिन सवाल है कि क्या न्यूजीलैंड अपनी एक बेहतरीन बल्लेबाज का लाभ उठा पा रही है?

एमेलिया केर से न्यूजीलैंड को काफी उम्मीदें होंगी। वह नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के साथ साथ अपनी लेग स्पिन से यूएई में न्यूजीलैंड के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। हालांकि बल्लेबाजी में उनका 110-115 के बीच रहने वाला स्ट्राइक रेट चिंता का विषय जरूर है, लेकिन पिछले दो डब्लूपीएल संस्करणों में उन्होंने 130 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। जिससे यह पता चलता है कि वह अपनी पारी को गति देने में सक्षम हैं।

पाकिस्तान इस वर्ल्ड कप में फातिमा सना के रूप में नई कप्तान के साथ प्रवेश करेगा।

# धूमधाम से मनाया गया सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू का जन्मदिन










गाजियाबाद करंट क्राइम। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू का जन्मदिन उनके साथियों ने धूमधाम से मनाया। इन्द्रजीत सिंह टीटू को जन्मदिन की बधाई देने के लिए सपा नेता अभिषेक गर्ग, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, सपा महिला नेता मधू चौधरी, मधू सागर शर्मा, आनन्द चौधरी सहित सभी वर्गों के लोग पहुंचे और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घ आयु की कामना की।

# ठक-ठक गैंग का बदमाश गिरफ्तार
## 10 सेकंड में करता था चोरी



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में पुलिस ने ठक-ठक गैंग के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके गैंग के लोग महज 10 सेकेंड में गाड़ी का शीशा तोड़कर लैपटॉप और अन्य सामान चोरी करते हैं। पुलिस ने उसके ऊपर गैंगस्टर एक्ट भी लगाया था। काफी दिनों से उसकी तलाश का रही थी। शनिवार को उसे एफएनजी सर्विस रोड से दबोच लिया। उसके पास से 10 लैपटॉप और 4 चार्जर बरामद हुए हैं। उसके ऊपर 40 मुकदमे नोएडा के अलग-अलग थानों दर्ज है।

# सकारात्मक खबरों को बढ़ावा देने से ही समाज स्वस्थ और सुखी होगा : केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के आबू रोड स्थित मुख्यालय शांतिवन के आनंद सरोवर परिसर में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन और मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी ने किया। मीडिया विंग द्वारा स्वस्थ एवं सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण- मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए देशभर से एक हजार से अधिक प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, रेडियो और बेव जर्नलिज्म से जुड़े पत्रकार, संपादक, ब्यूरो चीफ, रेडियो जॉकी, फ्रीलांसर पत्रकार और मीडिया प्रोफेसर पहुंचे हैं। शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। आज एक अच्छी न्यूज उतनी तेजी से वायरल नहीं होती है जितनी की एक गलत, फेंक न्यूज वायरल हो जाती है। पत्रकार पहले खबरों की सत्यता की जांच कर लें उसके बाद ही प्रकाशित करें। अच्छी खबरों को बढ़ावा देने से ही स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण होगा। आज समाज में यदि नकारात्मक माहौल बन रहा है तो हमें चिंतन करने की जरूरत है कि हम समाज में क्या भेज रहे हैं। मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण के लिए हमें जीवन में मूल्यों का समावेश करना होगा।

# रजापुर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ०पी० यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक संसाधन केंद्र रजापुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसके पूर्व विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रत्येक कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालय से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लगभग 86 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण के अंतर्गत सभी छात्रों को 25 अंकों का एक प्रश्न पत्र दिया गया, जिसमें सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं और विज्ञान के प्रश्न संकलित किए गए थे। सेकंड राउंड के लिए सर्वोच्च प्राप्तांको वाले 25 छात्र चयनित किए गए । इसके बाद 5- 5 छात्रों के ग्रुप बनाकर, पांचों ग्रुप के साथ क्विज प्रतियोगिता करवाई गई और उसमें विजेता 10 छात्रों को बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा ज्योमेट्री बॉक्स ,बैग और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । टॉप समूह के पांचों छात्रों को बैग, प्रमाण पत्र, ज्योमेट्री बॉक्स के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं मॉडल बनाने के लिए 3000 प्रत्येक विद्यालय के एसएमसी खाते में ट्रांसफर किए जायेंगे । यह चयनित पांच छात्र जिला स्तर पर होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे और टॉप 15 बच्चों को जिले पर होने वाली क्विज प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। बच्चों के साथ आए सभी अध्यापकों और समस्त प्रतिभागी छात्रों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । पूरे आयोजन कि व्यवस्था बनाने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र रजापुर के रविंद्र कुमार को प्रमाण पत्र और उपहार देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।

विज्ञान ए आर पी आरती वर्मा द्वारा परीक्षा का और समस्त कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर एसआरजी पूनम शर्मा और रजापुर एआरपी टीम पूरे आयोजन में उपस्थित रहे। बीएसए महोदय द्वारा सभी चयनित छात्रों को अग्रिम शुभकामनायें देते हुए प्रतियोगिता का समापन किया गया।

# स्वरुप पार्क में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस मनाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड स्वरुप पार्क ज्ञानपीठ केन्द्र-1 में शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्म दिवस शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षाविद राम दुलार यादव ने किया। इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम के नारे, जोश के साथ लगाए गए। इस दौरान समाजवादी छात्र सभा गाजियाबाद जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर व शिशिर यादव मंच संचालन ने किया। कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने शहीदे आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। हमें यदि शहीदों के सपनों का भारत बनाना है तो व्यवस्था परिवर्तन, सामाजिक न्याय को धरातल पर उतराना होगा, ईमानदारी से देश में व्याप्त नफरत, असहिष्णुता,



धार्मिक पाखंड, अहंकार और ईर्ष्या को छोड़ सद्भाव, भाईचारा, प्रेम मार्ग प्रशस्त करना होगा, तभी देश, समाज की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इस अवसर पर राम दुलार यादव, अंशु ठाकुर, गुड्डू यादव, जग्गू यादव, रोहित माथुर, जुनैद अंसारी, शिशिर यादव, छतरपाल सिंह, हाजी मोहम्मद सलाम, हरिशंकर यादव, प्रेम चन्द पटेल, सुरेश कुमार भारद्वाज, हरिकृष्ण, शीतल यादव, रेशमा, शिवम पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## नोएडा में नाले में गिरा युवक, डूबने से मौत

# लोगों में प्राधिकरण के प्रति गुस्सा गोताखोर ने निकाला बाहर

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-52 के नाले में एक युवक गिर गया। उसे बचाया नहीं जा सका। डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि नोएडा प्राधिकरण ने शहर के नालों को खुला छोड़ दिया है। युवक की पहचान रोहित (35) साल हुई है। वह शादी शुदा था। यही पास में मजदूरी का काम करता था।

रोहित सेक्टर-52 के पास ही परिवार के साथ रहता था। शनिवार सुबह वो टहलने गया था। इस दौरान उसे किसी का फोन आया। फोन पर बात करते करते उसका पैर फिसल गया। अचानक नाले में गिर गया। नाले में गाद और पानी के मलबे में फंस गया। और डूबता चला गया। बताया गया कि उसकी किसी ने आवाज तक नहीं सुनी। जब काफी देर तक रोहित घर नहीं लौटा तो परिवार ने तलाश की। नाले के पास



उसका मोबाइल मिला।

पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद क्रेन और गोताखोर की मदद से रोहित के शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लोगों को समझाया और शांत कराकर घर भेजा। लोगों का आरोप है कि प्राधिकरण की लापारवाही से आए दिन से लोग नाले में गिरकर अपनी जान गवां रहे है।

# श्री आदर्श रामलीला कमेटी मुरादनगर का हुआ शुभारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी मुरादनगर के शुभारंभ पर अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, नीतू और गोपाल अग्रवाल महानगर महामंत्री भाजपा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसमें रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विनोद धनकर, बुद्ध प्रकाश गोयल, महेश गोयल, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष अमरीश गोयल, सुशील गोयल, संजीव त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष बीजेपी अरविंद भारती, अनिल शर्मा, ओमवीर शर्मा, संदीप सिंघल, अतुल गर्ग, प्रमोद गोयल, सुधीर गोयल, मनोज गुप्ता, टिंकू तथा सभी राम भक्त उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा चालकों को लेकर सपा युवजन सभा ने दिया ज्ञापन

## 8 अक्टूबर को ई-रिक्शा चालकों के साथ करेंगे पैदल मार्च



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ई-रिक्शा चालकों ने डीसीपी सिटी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा ई-रिक्शा चालकों की ओर से पुलिस अधिकारियों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम लगातार ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं से अवगत करा रहे हैं और अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं जबकि हम इस मामले में समाधान चाहते हैं। प्रतिबंध से हजारों लोगों की रोजी रोटी पर फर्क पड़ रहा है। जीतू शर्मा ने कहा कि ई-रिक्शा के लिए रास्ते खुलवाकर रहेंगे।

भले ही हमें इसके लिए हाईकोर्ट जाना पड़े और हम जेल या मुकदमें के लिए तैयार हैं लेकिन गरीबों के साथ अन्याय और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। समाजवादी युवजन सभा ने ऐलान कर दिया है कि 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वो नये बस अड्डे मेट्रो स्टेशन से घंटाघर भगत सिंह की प्रतिमा तक पैदल मार्च करेंगे। इस पैदल मार्च में सभी ई-रिक्शा चालक शामिल होंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

सोनू कसाना महमूदपुर is with Deepak Bhati and 29 others.
6h ·

*अब ऐसे मना रहे हैं लोग अपनी लाडली बिटिया का जन्मदिन।।*
अपनी हर खुशी के अवसर पर गाँव की लाइब्रेरी के लिए दान देकर लोग टीम ग्राम पाठशाला की हौसला अफजाई कर रहे हैं। आज ग्रेटर नोएडा के गाँव तिलपता निवासी चौधरी श्री अमित खारी जी ने अपनी लाड़ली बिटिया उन्नति खारी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर गाजियाबाद जिले के महमूदपुर गाँव की लाइब्रेरी पर जाकर 3100/- दान स्वरुप भेंट किए।... See more



गाजियाबाद करंट क्राइम। बेटी के जन्मदिन पर पुस्तकदान से बड़ा क्या उपहार हो सकता है। अमित खारी ने अपनी बिटिया के हैप्पी बर्थडे पर गांव की लाइब्रेरी के लिए दान किया। एक संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




# रही चर्चा क्यों जुटे थे रात में कई अधिकारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शुक्रवार की रात पुलिस मुख्यालय पर अचानक एक के बाद एक कई वरिष्ठ अधिकारी जिसमें आईपीएस और पीपीएस दोनों शामिल थे, उनकी गाड़ियां पहुंचती हैं। गाड़ी पहुंचने के बाद अधिकारियों की एक कमरे में काफी लंबे समय तक मीटिंग चलती है। अधिकारियों द्वारा रात के समय में पहुंचने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुक्रवार की रात सोशल मीडिया पर चर्चा आई थी कि आखिर क्या मामला है कि रात के समय एक के बाद एक कमिश्नरेट के कई शीर्ष अधिकारी एक कार्यालय पर पहुंचे हैं। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में दो आईपीएस अधिकारियों का एक इलाहाबाद से संबंधित मामला था, उसमें जवाब तैयार करना था। उसके लिए कई प्रमुख अधिकारियों और शीर्ष अधिकारियों के बीच मंत्रणा वाला कामकाज था। अमूमन दिन के समय इन कार्यालयों में भीड़भाड़ और जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम चलते हैं। इस वजह से डिस्कशन नहीं हो पाया तो अधिकारियों ने सोचा की रात को शांति के बीच दिमाग लगाते हुए समाधान निकाला जाए। बताया गया है कि लखनऊ और इलाहाबाद के लिए ऐसे लैटर तैयार किए जाएं जिससे अपना बचाव हो और ऊपर बैठे आलाकमान संतुष्ट भी हो जाए। इसी के चलते रात वाला समय




डिसाइड किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात को करीब डेढ़ से दो घंटे तक यह बैठक वाला दौर चला है। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों के कागज तैयार करने पर कमिश्नरेट पुलिस गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों ने मंत्रणा की थी। सूत्रों ने जानकारी दी है कि अचानक पुलिस मुख्यालय पर शुक्रवार की देर रात कई पुलिस अधिकारियों की गाड़ी देखकर कई थानाक्षेत्रों और सर्किल के अधिकारियों के बीच भी चर्चा उठी थी कि आखिर माजरा क्या है। आखिरकार इतनी देर रात कार्यालय पर अधिकारियों की मीटिंग क्यों हो रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि मामला फिलहाल शांत हो सकता है। अधिकारियों ने बड़ी ही गंभीरता और सटीकता के साथ पेपर तैयार किए हैं। जो इलाहाबाद भेजे जाने हैं। बताया जा रहा है, इसमें एक मामला विकास वाले प्राधिकरण से संबंधित था और दूसरा पुलिस की एक विवेचना के संबंधित था। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दोनों ही आईपीएस अधिकारियों ने जवाब वाली प्रक्रिया तैयार होने के बाद राहत वाली सांस ली है, ऐसा सूत्रों द्वारा दावा किया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी कह रहे हैं कि यह आम प्रक्रिया है। इस तरीके के जवाब महीनभर में कई बार भेजने पड़ते हैं लेकिन मामला दो प्रमुख अधिकारियों से जुड़ा होने की वजह से थोड़ा टेंशन वाला बन गया था। वैसे अब सब ऑल इज वेल बताया जा रहा है।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल स्थापना दिवस मनाया धूमधाम से









गाजियाबाद करंट क्राइम। राष्ट्रीय व्यापार मंडल का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कविनगर स्थित लॉयन्स क्लब में आयोजित स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज ने अपने आशिर वचन दिये। इस अवसर पर संस्था के जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह और सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ।

# नेपाल में 'आफत की बारिश', विनाशकारी बाढ़ में 39 लोगों की मौत






**काठमांडू।** भारत का पड़ोसी देश नेपाल इन दिनों भयंकर बाढ़ की चपेट में है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, लगातार बारिश के कारण नेपाल में बाढ़ से कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई है। कई दिनों से हो रही बारिश के चलते नेपाल के तराई वाले इलाकों में बाढ़ आ गई है। वहीं दूसरी ओर नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश से बिहार में गंडक और कोसी नदी का जलस्तर काफी बढ़ा दिया है। जहां पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

**बिहार के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात**

शुक्रवार से ही नेपाल के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही थी। जिसके चलते नेपाल के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। भारी बारिश के बीच आपदा विभाग के अधिकारियों ने अचानक बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी की थी।

## 226 घर डूबे

माई रिपब्लिका डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार काठमांडू में नौ, ललितपुर में 16, भक्तपुर में पांच, कवरेपालनचौक में तीन, पंचथर और धनकुटा में दो-दो तथा झापा और धाडिंग में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस भयंकर बाढ़ में कुल 11 लोग लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि काठमांडू में 226 घर पानी में डूब गए हैं और प्रभावित इलाकों में नेपाल पुलिस की ओर से करीब 3,000 सुरक्षाकर्मियों की बचाव टीम तैनात की गई है।

वहीं दूसरी ओर बिहार में कई जिलों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में बिहार के 13 जिलों में भीषण बाढ़ की संभावना है। सरकार ने इन 13 जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है। कोसी और गंडक आने वाले समय में तबाही मचा सकती है। शनिवार को 12 बजे कोसी बैराज के 56 फाटक खोल दिए गए हैं। 5 लाख क्यूसेक से अधिक पानी कोसी बैराज से छोड़ा गया है, जबकि गंडक बैराज से करीब 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ जा चुका है।

## कोसी-सीमांचल के बिगड़े हालात, कई जिलों में अलर्ट जारी



**सप्तकोशी नदी का जलस्तर खतरा बिंदु से ऊपर**

नेपाल के तराई और उत्तर बिहार में लगातार हो रही बारिश की वजह से राज्य के 13 जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बता दें कि कोसी बराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक कोसी बराज पर 05 लाख 07 हजार 690 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। वहीं बारह क्षेत्र में 04 लाख 37 हजार 050 क्यूसेक बढते क्रम में दर्ज किया गया। पानी के दबाव को देखते हुए बराज के सभी 56 फाटक खोल दिए गए हैं। नदी में इतना पानी 56 साल बाद आया है। यह 1968 में नदी के सबसे अधिक फ्लो से सिर्फ 1 लाख क्यूसेक कम है। वहीं वाल्मीकिनगर गंडक बराज की बात करें तो 3 लाख 39 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है, शाम तक 5 लाख 93 पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यहां 21 साल पहले इतना पानी आया था। यह 2003 के फ्लो लेवल से थोड़ा ही कम है। दोनों नदियों में पानी शुक्रवार को ही बढ़ गया। गंडक बराज से सुबह 11 बजे तक 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। पुलिस कार्यालय सुनसरी के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे जलस्तर 4 लाख 18 हजार 285 क्यूसेक प्रति सेकेंड मापा गया। नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।

जिला प्रशासन कार्यालय सुनसारी ने बताया कि कोशी बराज में लगातार जलस्तर बढ़ने से खतरे के संकेत हैं। सप्तकोशी जलमापन केंद्र ने कहा है कि जलस्तर खतरा बिंदु से ऊपर पहुंच गया है। उदयपुर व सुनसरी के कुछ इलाकों में नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मुख्य अधिकारी तिवारी ने तटीय इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने को कहा है।

**सुपौल में तिलयुगा नदी भी उफान पर, प्रशासन ने किया अलर्ट :** सुपौल की बात करें तो तिलयुगा नदी भी उफान पर है। तिलयुगा नदी का जलस्तर बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर को जोड़ने वाली निर्मली-कुनौली-नेपाल रोड पर डगमारा के पास लोहा पुल पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।




### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पड़ोसी देश को लताड़ा, कहा-

## पाक का अहिंसा के बारे में बात करना सबसे बड़ा पाखंड

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के मंच से एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए उसकी असलियत दुनिया को दिखाई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए वैश्विक रूप से बदनाम है और वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस कर रहा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे।

**'सीमापार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है पाकिस्तान'**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने ह्यजवाब देने के अधिकारह्ल का इस्तेमाल किया।इस दौरान भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने कहा, 'आज सुबह इस सभा में दुखद रूप से एक हास्यास्पद घटना घटी। आतंकवाद, नशीले पदार्थों, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए वैश्विक रूप से बदनाम और सेना द्वारा संचालित देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के भाषण में भारत के संदर्भ के बारे में बात कर रही हूं। जैसा कि दुनिया जानती है, पाकिस्तान लंबे समय से अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। इसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थयात्रा मार्गों पर हमला किया है। यह सूची काफी लंबी है। ऐसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना सबसे बड़ा पाखंड है।'

भाविका मंगलनंदन ने कहा कि 'धांधली वाले चुनावों के इतिहास वाले देश के लिए लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना और भी हैरान करने वाला है। असली सच्चाई यह है कि पाकिस्तान हमारे क्षेत्र पर गंदी निगाह रखता है और वह भारत के अभिन्न अंग जम्मू और कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल कर रहा है।

# मारा गया हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला

## इस्राइली सेना ने कहा- अब कभी दुनिया को डरा नहीं पाएगा

**बेरूत।** इस्राइल और हिजबुल्ला के संघर्ष के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला मारा गया है। इस्राइली सेना ने इसकी पुष्टि कर दी है। इस्राइल की सेना आईडीएफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा है कि 'हसन नसरल्ला अब कभी दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा'।

शुक्रवार को लेबनान के बेरूत में इस्राइली हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने की सुगबुगाहट उसी वक्त शुरू हो गई थी, जब ये जानकारी सामने आई थी कि इस्राइली सेना ने हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया है। साथ ही हमले के बाद इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी अपना अमेरिका दौरा बीच में छोड़कर ही इस्राइल के लिए रवाना हो गए थे।




उसके बाद से ही हिजबुल्ला के शीर्ष नेता के मारे जाने के कयास लगाए जा रहे थे। अब इस्राइली सेना ने हसन नसरल्ला की मौत की पुष्टि कर इन कयासों को सच साबित कर दिया है। हालांकि अभी तक हिजबुल्ला की तरफ से इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है।

इस्राइली सेना ने शुक्रवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इन हमलों में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। अब इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे का प्रमुख अली काराकी कई अन्य कमांडर्स के साथ मारा गया है। इस्राइली सेना ने बताया कि बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया गया था, जो रिहायशी इमारतों के नीचे जमीन के भीतर मौजूद था।

आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर अपने अन्य सहयोगियों के साथ इस्राइल पर हमले की योजना बना रहा था, उसी दौरान हुए हमले में नसरल्ला और हिजबुल्ला के कई अन्य शीर्ष कमांडर्स की मौत हो गई।

इससे पहले इस्राइली हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल यूनिट के प्रमुख मोहम्मद अली इस्माइल और उसके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल के मारे जाने की खबर आई थी। साथ ही हसन नसरल्ला की बेटी जैनब नसरल्ला की भी मौत होने का दावा किया गया। बीते दिनों लेबनान में हुए हमलों में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट फोर्स का प्रमुख मोहम्मद कबीसी भी कई अन्य शीर्ष कमांडर्स के साथ मारा गया था।

### सीरिया में हमास का शीर्ष कमांडर भी किया ढेर

इस्राइली सेना जहां एक तरफ गाजा में हमास के साथ लड़ाई लड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ इस्राइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ भी मोर्चा खोला हुआ है। जहां एक तरफ हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत की खबर सामने आई है, वहीं इस्राइल ने सीरिया में हमास के एक शीर्ष नेता को भी मार गिराया है। सीरिया में किए गए हवाई हमले में मारे गए हमास के शीर्ष कमांडर की पहचान अहमद मोहम्मद फहद के रूप में हुई है, जो कि इस्राइल के गोलन हाइट्स में हुए रॉकेट हमलों के पीछे था।

## हिजबुल्ला चीफ की मौत से घबराया ईरान अयातुल्ला अली खामेनेई को भेजा सुरक्षित ठिकाने पर

**तेहरान।** इस्राइल लगातार लेबनान के शहरों पर मिसाइल हमले कर रही है। शुक्रवार को इस्राइली डिफेंस फोर्स ने दक्षिणी बेरूत के एक इलाके में जबरदस्त हवाई हमला किया। इस्राइल ने इस हमले में हिज्बुल्ला चीफ नसरल्ला के मारे जाने का दावा किया है। इन हमलों का असर अब ईरान में भी देखने को मिल रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ देश के अंदर एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को दक्षिणी बेरूत में हुए हवाई हमले में हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला मार जाने के बाद से ईरान आगे की रणनीति तय करने के लिए लेबनान के हिज्बुल्ला और कई क्षेत्रीय गोरिल्ला समूहों के साथ लगातार संपर्क में था। यही नहीं इसके पहले शुक्रवार देर रात को खामेनेई ने तेहरान में सुरक्षा परिषद के साथ बैठक भी की थी।




**एक्स पर जारी किया संदेश :** सुरक्षित स्थान पर जाने के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई के आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक के बाद एक कई ट्वीट किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि, लेबनान में निहत्थे नागरिकों की हत्या ने एक बार फिर जायोनीवादियों की बर्बर प्रकृति को सबके सामने उजागर कर दिया है। दूसरी ओर इन कार्रवाईयों ने यह भी साबित कर दिया है कि कब्जा करने वाली सरकार के नेताओं की नीतियां कितनी अदूरदर्शी और पागलपन भरी हैं।

खामनेई ने आगे लिखा कि, आतंकवादी गिरोह (इस्राइली सरकार) ने गाजा में अपने 1 साल के आपराधिक युद्ध से कुछ नहीं सीखा है। उसे यह समझ नहीं आया है कि, महिलाओं, बच्चों और नागरिकों का नरसंहार प्रतिरोध के मजबूत ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है या उसे घुटने टेकने पर मजबूर नहीं कर सकता

## अल्पसंख्यकों ने उठाई एक अलग राजनीतिक दल की मांग, कहा- सलाह पर विस्तार से हो रही चर्चा

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा तो थम गई, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। अल्पसंख्यक लगातार डर के साय में जी रहे हैं। यह लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं। अब हिंदू समुदाय के नेताओं ने एक ऐसे राजनीतिक दल के गठन की वकालत की है, जो उनके अधिकारों की रक्षा कर सके।

**इन तीन सलाहों पर हो रही चर्चा :** बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद (बीएचबीसीओपी) और अन्य समूहों के हिंदू नेताओं ने एक अलग राजनीतिक दल की स्थापना या आरक्षित संसदीय सीटों की मांग की है। बीएचबीसीओपी के अध्यक्षीय सदस्य काजल देबनाथ ने बताया कि फिलहाल तीन राय हैं, जिन पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

- 1954 से अलग निर्वाचन प्रणाली पर वापस जाना
- हिंदुओं के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी की स्थापना
- अल्पसंख्यकों के लिए संसद में सीटें आरक्षित करना।
- बांग्लादेश में हिंसा और सियासी उथल-पुथल के मद्देनजर हिंदू समुदाय ने यह फैसला लिया है।




**बांग्लादेश में क्या हुआ? :** नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया था, जो बाद में हिंसा में बदल गया। बढ़ती हिंसा को देखते हुए पांच अगस्त को हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को अंतरिम सरकार द्वारा प्रतिस्थापित किया गया और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को इसका मुख्य सलाहकार नामित किया गया। हालांकि, अंतरिम सरकार बनने के बाद भी अल्पसंख्यकों के घरों और धर्मस्थलों को निशाना बनाया गया।

**दो हजार से अधिक घटनाएं हुई :** काजल देबनाथ ने कहा कि बीएचबीसीओपी द्वारा एकत्र किए गए आंकड़े हिंदू समुदाय पर हमलों की 2,010 घटनाओं की ओर इशारा करते हैं।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सिंगापुर समेत कई देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

## आपसी संबंधों को और गहरा तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर दिया जोर




**नीदरलैंड के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप से मिलकर खुशी हुई। मौजूदा रणनीतिक मुद्दों पर खुलकर और सकारात्मक चर्चा हुई। -जयशंकर**

**जयशंकर ने नॉर्थ मैसेडोनिया के विदेश मंत्री टिमको मुकुंस्की से भी मुलाकात की और क्षेत्र के साथ निवेश, संपर्क और सहयोग पर चर्चा की।**





**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र से इतर संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया।

**सिंगापुर के विदेश मंत्री से की मुलाकात :** जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे हुए हैं। शुक्रवार को उन्होंने सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बालाकृष्णन से हुई बातचीत को शानदार बताया। कहा, 'सिंगापुर की विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ लंबी बातचीत अच्छी रही।'

**इन लोगों के साथ भी की बैठक :** इसके अलावा, उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव से भी मुलाकात की।

उन्होंने एक्स पर कहा, 'आज न्यूयॉर्क में उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री सैदोव से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की सराहना करता हूं। क्षेत्र के बारे में उनकी समझ को महत्व देता हूं।

उन्होंने यह भी बताया, ।तुर्कमेनिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रसित मेरेडोव के साथ गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ाने पर चर्चा हुई।।

**'आपसी संबंधों पर हुई बातचीत' :** जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, ।अपने प्रिय मित्र- यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से मिलकर हमेशा खुशी होती है। आपसी संबंधों और दुनिया के घटनाक्रम पर बातचीत हुई।'

उन्होंने महासभा के इतर डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन से भी मुलाकात की और यूक्रेन संघर्ष पर अपने विचार साझा किए। कहा, 'आज संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर डेनमार्क के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारे संबंधों के सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ने की सराहना की। यूक्रेन संघर्ष पर विचार साझा किए।।

**क्या बोले विदेश मंत्री जयशंकर? :** वहीं, भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, नीदरलैंड के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप से मिलकर खुशी हुई। मौजूदा रणनीतिक मुद्दों पर खुलकर और सकारात्मक चर्चा हुई।

जयशंकर ने नॉर्थ मैसेडोनिया के विदेश मंत्री टिमको मुकुंस्की से भी मुलाकात की और क्षेत्र के साथ निवेश, संपर्क और सहयोग पर चर्चा की।




# राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद में 30वां वार्षिकोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद में महाविद्यालय का 30वां वार्षिकोत्सव (उड़ान) 28 सितंबर 2024 को बहुत उल्लास से मनाया गया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा (मा.मंत्री सूचना प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार), विशिष्ट अतिथिगण चंद शर्मा (मा. सदस्य विधान परिषद, शिक्षक क्षेत्र उत्तर प्रदेश), दीपक स्वरुप सक्सेना (सेवानिवृत्त जज), आई.सी. अग्रवाल (संस्थापक जी एम. ए. चेयरमैन जी. पी. पी. कम्पनी) आदि उपस्थित रहे। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीतू चावला ने कॉलेज की छात्राओं की उपलब्धियों के बारे में बताया। सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार बी. एड. से अवनी शर्मा और एम.एड. से कीर्ति चौधरी को दिया गया। बी.एस.सी. पी सी. एम. , जैड. बी. सी. सी.,बी. कॉम.,बी सी.ए. एम. एस. मैथ्स, एम.एस. सी. केमिस्ट्री (वंदना कुमारी विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान) प्राप्त किया। कार्यक्रम में कृष्ण वीर सिंह सिरोही (अध्यक्ष), डॉ. गीता मल्होत्रा (सचिव), वी.पी. बंसल (संयुक्त सचिव), पुरुषोत्तम चावला (कोषाध्यक्ष), कार्यकारिणी सदस्यों में पवन आनंद, विनय कक्कड़, एम. एल. खन्ना, के.के. शर्मा, ओ.पी डंग,



राकेश कुमार, विनोद गोयल, विशिष्ट आमंत्रण सदस्य बीना बाबा, रजिस्ट्रार शशि खन्ना, संयोजिका गीतांजलि खुराना और स्वामी विश्वास के अनुयायी उपस्थित रहे। मंच का संचालन अंजु सिंह, डॉ. मनीषा सिंह, नेहा महेश्वरी और बी.एड. की छात्रा भावना भाटिया द्वारा किया गया।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय ने किया 'रिटायरमेंट प्लानिंग' पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा 'रिटायरमेंट प्लानिंग' पर विशेषज्ञ वार्ता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यकर्म का शुभारंभ ज्ञान कि देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विशेषज्ञों अनुज कुमार सक्सेना, आई.एफ.एस. (से.नि.), अरुण अग्रवाल, अजय कुमार, अमरीश श्रीवास्तव के सानिध्य में सभी शिक्षकगणों ने सेवानिवृत्ति के पश्चात जीवन में आने वाली कठिनाइयों का स्मरण कराया एवं सेवानिवृत्ति के तहत सभी प्लान व पेंशन योजनाओं से भी




परिचित कराते हुए एवं सेवानिवृत्ति के बाद एक व्यक्ति को अपनी वित्तीय स्थिरता कैसे सुनिश्चित करे इसके सभी गुर बताये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति (आई/सी) प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार ने सभी विशेषज्ञों को रिटायरमेंट प्लानिंग कि सराहना करते हुए सभी के लिए रिटायरमेंट प्लान बहुत ही आवश्यक बताए।

इस कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से.नि.) धन्यावाद ज्ञापन से हुआ जिन्होंने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त कर भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हुए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड इनफॉरमेशन, डॉ. हरवीर सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, निखिल निगम, डॉ. संदीप गुप्ता एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 500 रुपए के लिए बाप ने बेटे को मार डाला

## 10 साल के लड़के को बेल्ट से पीटा, फिर सिर पर 20 बार मारा बेलन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एक पिता ने अपने 10 साल के बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसने इस हत्याकांड को तब अंजाम दिया, जब जेब से 500 रुपए गायब हो गए। पिता ने बेटे पर चोरी का आरोप लगाते हुए पहले उसे बेल्ट से पीटा, फिर किचन से बेलन लाकर उसके सिर पर हमला कर दिया।

करीब 20 बार बेलन मार पिता ने अपने बेटे का सिर फोड़ दिया। इससे उसकी मौत हो गई। पूरा मामला मोदीनगर कस्बा के भोजपुर थाने के त्योंड़ी गांव का है। मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से सना बेलन बरामद किया है। एसीपी मोदीनगर व थाना प्रभारी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद हैं। शनिवार को नौशाद ने अपने बेटे आहद पर पांच सौ रुपए चोरी करने का आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर नौशाद ने आहद को पहले बेल्ट से बुरी तरह पीटा। इसके बाद वह उसे अंदर कमरे में ले गया और बेलन से बेहरमी से पीटना शुरू कर दिया। आहद को तीस मिनट तक पिता बेहरमी से पीटता रहा। कमरे से बाहर दादा-दादी उसे बचाने के लिए चिल्लाते रहे। आहद जब बेहोश हो गया। तब जाकर पिता कहीं कमरे से निकला। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।

**बेटे आहद को लेकर रहता था पति-पत्नी के बीच विवाद**

थाना भोजपुर के गांव त्योंड़ी 13 विस्बा में नौशाद परिवार के साथ रहता है। पहली पत्नी से नौशाद का 10 साल का बेटा आहद था। जोकि परिवार छोड़कर चली गई। इसके बाद नौशाद ने दूसरी शादी कर ली। जिससे एक बेटी है।बताया जा रहा है कि बेटे आहद को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर लड़ाई होती थी।

### पुलिस कर रही है मामले की जांच

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय मौके पर पहुंचे। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी पिता की तलाश जारी है। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

**आहद को तीस मिनट तक पिता बेहरमी से पीटता रहा। जब वह बेहोश हो गया। तब जाकर पिता कहीं कमरे से निकला।**

# पार्षद कविता प्रवीण भाटी के कार्यालय पर किया गया भंडारे का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पित्र पक्ष के अवसर पर वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने अपने कार्यालय पर भंडारा आयोजित किया गया। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व महामंत्री पप्पू पहलवान ने भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा स्थल पर पहुंचने पर पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी ने भगवान शिव पार्वती की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया।

उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विशाल भंडारा आयोजित करने के लिए जिसमे सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुशील शर्मा, केडी शर्मा, अनिल शर्मा, प. गिरधारी, प्रथम शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील कुमार, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, बी.एम. शर्मा, मास्टर प्रवीन शर्मा, नरेश चौहान करहैडा, डा. डी.पी. नागर, उमाशंकर शर्मा, जोगिंदर चौधरी, नरेंद्र चौधरी, गोपी चन्द्र, ललित कसाना, चौ रामासरे, मनोज चौधरी, अशोक गुप्ता आटें वाले, हरीश गर्ग, महाराज सिंह मावी, प्रमोद सिघल आदि लोग मौजूद रहे।

# पैरा पॉवर लिफ्टिंग कोच जितेंद्र पाल को मुंबई में सम्मानित करेगा रिलायंस फाउंडेशन

## 29 सितंबर को दिया जायेगा विशेष सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद -उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कविन्द्र ने बताया गजियाबाद के जितेंद्र पाल सिंह को रिलायंस फाउंडेशन की शीर्ष अधिकारी नीता अम्बानी की ओर से निमंत्रण मिला है जिसमें जितेंद्र पाल सिंह को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप मे निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। रिलायंस फाउंडेशन की ओर से हवाई टिकिट भी भेजी गयी है। 29 सितंबर को ये सम्मान उन्हें मुंबई में दिया जायेगा। यह सम्मान जितेंद्र पाल सिंह को हाल ही में आयोजित पेरिस ओलम्पिक गेम्स में भारतीय पैरा पावर लिफ्टिंग टीम के कोच के बतौर दिया जाएगा। जितेंद्र के नेतृत्व में भारतीय पैरा पावर लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है।

# गाजियाबाद में बुजर्ग महिला पर वार शराब के लिए पैसे न देने कर दिया था इंकार, जान लेने पर उतारू हुआ युवक



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के रामनगर में एक बड़ा सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविंद्र नाम के युवक ने पड़ोस में रहने वाली 78 वर्षीय स्नेहलता पर इसलिए जानलेवा हमला कर दिया। महिला ने युवक को शराब के लिए पैसे देने से इंकार कर दिया था। महिला अकेली रहती है। महिला ने बताया कि रविंद्र अक्सर उससे पैसे लेता रहता था, महिला के इंकार करने पर वह आग बबूला हो गया और उसने बर्फ तोड़ने वाले सुएं से आधा दर्जन वार कर दिए। महिला के चिल्लाने पर हमलावर फरार हो गया।

### सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस

एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिहानीगेट थाना पुलिस ने जख्मी बुजुर्ग महिला को अस्पताल पहुंचाया। उसके बाद पुलिस ने हमलावर 40 वर्षीय रविंद्र को खोजकर को हिरासत में ले लिया। इस बीच महिला के नाती को बुलाकर तहरीर प्राप्त की गई और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हमलावर को अदालत में पेश किया, अदालत ने हमलावर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसीपी ने बताया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है।

### हमलावर को भेजा जेल, महिला की हालत खतरे से बाहर

### पेट, छाती और कनपटी पर किए वार

पीड़िता के मुताबिक हमलावर रविंद्र मेरे पड़ोस में रहता है। वह मेरा ध्यान भी रखता था और अक्सर किसी न किसी बात पर पैसे लेता रहता था। मैं भी उसे स्नेह करती थी, इसलिए पैसे दे दिया करती था। शुक्रवार को भी वह मेरे पास पैसे मांगने आया था। मैने उसे शराब के लिए पैसे देने से इंकार कर दिया। इस पर वह आग बबूला हो गया और बर्फ के सुएं से पेट पर तीन वार किए। छाती पर वार किए और कनपटी पर भी वार कर दिया। मैनें शोर मचाया तो वह भाग गया।

# मोदीनगर तहसील पर भाकियू किसान सभा ने किया प्रदर्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर में मोदी शुगर मिल पर बकाया भुगतान कराने सहित अन्य मांगों को लेकर भाकियू (किसान सभा) ने तहसील पर प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गई तो बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। भाकियू (किसान सभा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्यागी, जिलाध्यक्ष अरुण कसाना व नगर अध्यक्ष नरेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान एकत्र होकर यहां पहुंचे। और जमकर हंगामा किया। सतेन्द्र त्यागी ने कहा, 'मोदी शुगर मिल पर किसानों का करोड़ों रुपए बकाया है। इसके अलावा लावारिस पशुओं से फसल खराब हो रही हैं और जंगल में बिजली के तार जर्जर हालात में हैं। जिससे आए दिन हादसों में किसानों की मौत हो रही है।'

### सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों को बिना कारण बताए राशन कार्ड से नाम काट दिए गए हैं। उन्होंने उसे गलत बताया है। किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा सिंह को दिया। इस मौके पर विनीत त्यागी, हैप्पी त्यागी, आशु त्यागी, नरेन्द्र त्यागी, सुबोध, धर्मवीर सिंह गुर्जर सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# शालीमार गार्डन में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में हुई है। शहर के ट्रांस हिंडन जोन के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में एक बदमाश के गोली लगी है, वहीं एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया है। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश के खिलाफ दिल्ली और गाजियाबाद में हत्या लूट और चोरी के डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

### अंधेरा का फायदा उठाकर एक बदमाश फरार

पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध लोगों का पीछा किया तो मोटरसाइकिल प्रेम गली में कूड़ा होने के कारण फिसल कर गिर गई। पुलिस के मुताबिक गिरने के बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लग गई, वहीं दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश का नाम राहुल पुत्र विजय निवासी ताहीरपुर सदर दिल्ली है। पुलिस के मुताबिक राहुल के ऊपर दिल्ली और गाजियाबाद में हत्या लूट और चोरी के डेढ़ दर्जन मुकदमे कायम है।

### पुलिस कर रही थी रेगुलर चेकिंग

गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन, सलोनी अग्रवाल ने बताया कि थाना शालीमार गार्डन पुलिस रेगुलर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान ईएसआई अस्पताल के सामने एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल की स्पीड तेज करके भागने लगे।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ)

श्रद्धांजलि सभा



स्व. नवीन चन्द्रा
16/01/1962 - 19-09-2024

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि अउआ के संस्थापक एवं सचिव श्री नवीन चन्द्रा का गत 19 सितम्बर को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। उनका निधन हम सबके लिये असहनीय पीड़ादायक है। लेकिन 'ईश्वरेच्छा बलीयसी'।

स्वर्गीय नवीन चन्द्रा जी के पुनीत कार्यों का स्मरण करने के लिये दिनांक 29 सितम्बर, दिन रविवार को श्रद्धांजलि सभा होगी। नवीन जी की पुण्यात्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने और उनके साथ जिये संस्मरणों को साझा करने के लिये श्रद्धांजलि सभा में सहभागिता सुनिश्चित करें।

तिथि : 29 सितम्बर, दिन रविवार।
स्थान : चौधरी भवन, कविनगर, गाजियाबाद
समय : सायं 4 से 6 बजे

शोकाकुल: इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ

संपर्क के लिये मोबाइल नंबर - 8076100943 (अजय औदीच्य)
9411047353 (डी.सी.श्रीवास्तव) - 9810301158 (आलोक सिन्हा)